# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 24 अप्रैल 2024






# हरिभूमि रण भूमि लोकसभा
## सत्ता संग्राम-2024



लोकसभा चुनाव को लेकर पिछले एक माह से चल रहा चुनावी शोर 24 अप्रैल को शाम छह बजे थम जाएगा। आचार संहिता के लागू होने के पहले ही प्रत्याशियों की घोषणा होने से दोनों दलों को प्रचार के लिए अच्छा खासा समय भी मिल गया। यही कारण है कि दोनों दलों के प्रत्याशियों ने कई गांवों का न सिर्फ दौरा किया, बल्कि सभाओं के जरिए भी वोटरों को साधने की कोशिश की।

# आरोप-प्रत्यारोप के बीच थमा प्रचार, भाजपा ने मोदी की गारंटी, कांग्रेस ने महंगाई को बनाया मुद्दा

**भूपेश बघेल ने स्थानीय सांसद पांडे की सक्रियता को मुद्दा बनाया, पांडे ने गिनाए कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव/कांकेर/ महासमुंद

तीनों लोकसभा क्षेत्रों में प्रचार प्रमुख रूप से मोदी सरकार और भूपेश सरकार पर टिका रहा।कांग्रेस ने महंगाई और मोदी सरकार की विफलताओं को लेकर प्रचार किया तो भाजपा ने मोदी की गारंटी और भूपेश सरकार के समय कथित भ्रष्टाचार का खूब प्रचार किया।

### कांकेर में मोदी की गारंटी बनी भाजपा का हथियार
### महासमुंद में सिकासेर बांध का मुद्दा छाया रहा

लोकसभा चुनाव को लेकर राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी काफी बढ़ी हुई है। कांग्रेस द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को चुनावी मैदान में उतारे जाने से यह चुनाव हाई प्रोफाइल हो गया है। सांसद संतोष पांडे यह चुनाव मोदी की गारंटी पर लड़ते दिखाई दे रहे हैं। पिछले पांच साल में हुए विकास कामों के आधार पर वे जनता के बीच जा रहे हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने इस चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दों की बजाय संतोष के असंतोष पर फोकस कर रखा है। दोनों दलों ने रोड-शो की तैयारियां कर रखी है।

**राजनांदगांव हाई प्रोफाइल, जोरदार प्रचार**




### लोवर जोंक परियोजना और सिकासेर बांध महासमुंद इलेक्शन में बड़ा मुद्दा

महासमुंद लोकसभा चुनाव में इस बार लोवर जोंक परियोजना और सिकासेर बांध से अतिरिक्त पानी को नहर के माध्यम से कोडार तक लाने की योजना के साथ भाजपा और कांग्रेस द्वारा अपने घोषणा पत्र में किए गए दावे और वादे चुनाव का केंद्र बने रहें। भारतीय जनता पार्टी मोदी सरकार के काम और तीन विष्णुदेव सरकार के कामों के आधार पर वोट मांग रही है। जनता को भाजपा ने मोदी गारंटी के बारे में बताया तो पांच साल तक भूपेश सरकार के कारनामों को भी गिनाया।

### भ्रष्टाचार और विकास का मुद्दा दिखा कांकेर में

कांकेर में भाजपा के प्रत्याशी भोजराज नाग के लिए भाजपा के द्वारा कांग्रेस से अपेक्षा ज्यादा जनसभा करवाई गई और राष्ट्रीय स्तर के नेता भी पहुंचे। भाजपाइयों के यह मुद्दे रहे कि भूपेश सरकार पांच साल पूरी तरह से भ्रष्टाचार में डूबी रही। वहीं भाजपा के विष्णु देव सरकार ने 100 दिन में ही मोदी की गारंटी को पूरा कर दिया। मोदी है तो मुमकिन को लेकर भाजपाई जनता तक पहुंचे। भाजपाइयों ने कहा कि नल जल योजना, स्वच्छता अभियान, पीएम आवास, उज्ज्वला गैस योजना, आदिवासी को 5 लाख तक निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ, अयोध्या में राम मंदिर, जम्मू काश्मीर में 370 हटाना जैसे मुद्दो को लेकर जनता के पास पहुंची। भाजपा ने 100 दिन के सरकार ने महतारी वंदन योजना, धान का बोनस, 3100 रुपए में धान खरीदी व अन्य जो वादे किए वो पूरे किए। कांग्रेस प्रत्याशी वीरेश ठाकुर व उनकी टीम ने कहा कि मोदी केवल झूठ बोलने का काम किया है, उन्होंने जो वादे किए वो आज तक पूरे नहीं किए।

## आमने/सामने

### महिलाओं पर प्रधानमंत्री का बयान ओछी हरकत- रंजीत रंजन



राज्यसभा सदस्य रंजीत रंजन ने कहा, पीएम मोदी ने जो उन्होंने मंगलसूत्र का बयान दिया वह उनकी सोच को बताता है वह महिलाओं को हेय दृष्टि से देखते हैं। एक महिला होने के नाते मैं इसकी निंदा करती हूं। देश की मजबूत महिलाये हैं। प्रधानमंत्री का बयान बहुत ही छोटी और ओछी हरकत है। आप किसी का मंगलसूत्र के नाम से तुलना कर रहे हैं और मंगलसूत्र एक महिला का सुहाग होता है और महिला को हेय दृष्टि से देखने का अधिकार पूरे हिंदुस्तान में किसी को भी नहीं है न ही प्रधानमंत्री को है।

### ओछी हरकत की बात करने वाले कांग्रेसी अपने गिरेबां में झांकें- सुनील सोनी



भाजपा नेता और सांसद सुनील सोनी ने कहा, प्रधानमंत्री ने महिला शक्ति को अपनी योजनाओं के जरिए सशक्त बनाया है। मोदी तो महिला शक्ति का वंदन और अभिनंदन करते हैं। राहुल गांधी ने तो हिंदू धर्म में महिला शक्ति का जिस तरीके से उपहास उड़ाया, उसे पूरे देश ने देखा। ओछी हरकरत की बात करने वाले कांग्रेसी नेता अपने गिरेबां में पहले झांकें। जिन्होंने प्रभु राम और माता सीता पर अभ्रद भाषा बोलने से भी नहीं संकोच करते हैं। इन कांग्रेसियों के तुष्टिकरण का प्रणाम है।

## हॉट सीट मथुरा को विपक्षी प्रत्याशियों ने बनाया प्रवासी और ब्रजवासी के बीच मुकाबला

# त्रिकोणीय चुनावी मुकाबले में आसान नहीं ड्रीम गर्ल की राह!

*उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल लोकसभा सीट मथुरा में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी के रुप में ड्रीम गर्ल के नाम से लोकप्रिय अभिनेत्री हेमा मालिनी तीसरी बार चुनाव मैदान में है, जहां उनके लिए जीत की हैट्रिक बनाने का मौका है। धार्मिक नगरी मथुरा की इस लोकसभा सीट पर बदलते सियासी समीकरणों के बीच हेमा मालिनी को कांग्रेस के मुकेश धनगर और बसपा के पूर्व आईआरएस अधिकारी सुरेश सिंह इस बार त्रिकोणीय चुनावी मुकाबले में कड़ी टक्कर देते नजर आ रहे हैं। हालांकि जाट बाहुल्य इस सीट पर भाजपा के सहयोगी दल रालोद के समर्थन से भाजपा को उम्मीद है, लेकिन कांग्रेस व बसपा के प्रत्याशियों ने इस बार चुनाव को ब्रजवासी बनाम प्रवासी बनाने की रणनीति के सामने हेमा मालिनी के सामने बड़ी चुनौती होगी।*

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की तरह ही धार्मिक और भगवान कृष्ण की नगरी के रूप में मथुरा के सियासी इतिहास का अलग ही महत्व है। मथुरा-वृंदावन, मांट, छाता, गोवर्धन व बलदेव विधानसभा क्षेत्रों से बनी जाट बाहुल्य मथुरा लोकसभा सीट पर जातीय समीकरण की परंपरा को ध्वस्त करके लगातार पिछले दो लोकसभा चुनाव जीतकर ड्रीमगर्ल के रूप में लोकप्रिय बॉलीवुड की अदाकारा हेमामालिनी संसद पहुंची है। अपने आपको जाट परिवार की बहू के रुप में पेश करने वाली हेमा मालिनी को चुनौती देने के लिए कांग्रेस और बसपा ने इस बार बड़ा दांव खेला है। भाजपा की हेमा मालिनी के पक्ष में यह पक्ष भी महत्वपूर्ण है कि रालोद के प्रमुख जयंत चौधरी भी इस बार उनके साथ है, जिन्हें उन्होंने 2014 के चुनाव में इसी सीट से शिकस्त दी थी। वैसे भी मथुरा में लंबे समय से ध्रुवीकरण की सियासत हावी रही है। हालांकि इस बार अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के माहौल में कृष्णनगरी मथुरा में भी राम मंदिर की लहर और पीएम मोदी के नाम पर हेमा मालिनी को अपनी जीत की उम्मीद है, लेकिन विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस और बसपा के मजबूत प्रत्याशियों के चुनाव से बने त्रिकोणीय मुकाबले में उनके लिए यह चुनावी जंग जीतना इतना आसान भी नहीं है, जिस तरह के चुनावी समीकरण की गोटियां फिट करने का प्रयास किया जा रहा है।



**इस सीट पर 26 अप्रैल को होगा मतदान**

### भाजपा का बढ़ा मत प्रतिशत

*लोकसभा 2014 के चुनाव में इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी ने सर्वाधिक 53.29 प्रतिशत वोट शेयर हासिल कर रालोद के जयंत चौधरी को पराजित किया था, जिन्हें 34.21 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि साल 2019 के चुनाव में हेमा मालिनी ने भाजपा के वोट प्रतिशत में बढ़ाते हुए 61 फीसदी वोट लेकर लगातार दूसरी जीत दर्ज कर संसद में प्रवेश किया। इसी लिहाज से इस बार के चुनाव में भाजपा की हेमा मालिनी को अपनी जीत की हैट्रिक बनाने की उम्मीद है।*

### अटल ने गंवाई थी जमानत

मथुरा लोकसभा सीट के इतिहास पर नजर डाली जाए तो इस सीट पर दिग्गज नेता अटल बिहारी वाजपेयी भी अपनी जमानत नहीं बचा पाए थे। यानी 1957 के चुनाव में इस सीट पर निर्दलीय महेन्द्र प्रताप सिंह ने चुनाव जीता था, लेकिन अटल ने बलरामपुर सीट जीतकर संसद में दस्तक दी थी। हालांकि अभी तक यहां से भाजपा प्रत्याशियों ने सबसे ज्यादा छह बार चुनाव जीत दर्ज की हैं और खासकर नब्बे के दशक में लगातार भाजपा के चौधरी तेजवीर सिंह चुनाव जीतकर संसद पहुंचे हैं, हालांकि उससे पहले तीन चुनाव भाजपा समर्थिक जनता पार्टी व जनता दल ने भी चुनाव जीते हैं। उसके बाद दो हजार के दशक में भाजपा पिछले दोनों चुनाव जीत पाई है।

### सांसद चुनेंगे 17.48 लाख मतदाता

मथुरा लोकसभा सीट पर 17,48,115 मतदाताओं का चक्रव्यूह बना है। जिसमें 9,54,135 पुरुष, 7,93,750 महिला और 230 थर्डजेंडर मतदाता शामिल हैं। इस सीट पर 1,104 मतदान केंद्र और 2,014 बूथ यानी मतदान स्थल बनाए गये हैं। इस सीट पर चुनाव मैदान में उतरे 15 प्रत्याशियों में प्रमुख रुप से चुनावी मुकाबला भाजपा की हेमा मालिनी, कांग्रेस के मुकेश धनगर और बसपा के सुरेश सिंह के बीच ही होता नजर आ रहा है। जबकि इनके अलावा राष्ट्रीय समता विकास पार्टी के जगदीश प्रसाद कौशिक, सुरेशचंद्र बघेल, कमलकांत शर्मा, क्षेत्रपाल सिंह, प्रवेशानंद पुरी, भानु प्रताप सिंह, मोनी फलहारी बापू, योगेश कुमार तालान, रवि वर्मा, डॉ. रश्मि यादव, राकेश कुमार और शिखा शर्मा भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### जातीय समीकरण

मथुरा लोकसभा सीट पर जातिगत समीकरण पर गौर की जाए, तो मथुरा लोकसभा सीट पर मतदाताओं के बने चक्रव्यूह में जाट और ब्राह्मण समुदाय लगभग बराबरी में 20-20 प्रतिशत हैं। हालांकि इस सीट को जाट बाहुल्य ही माना जाता रहा है। वहीं 16 प्रतिशत ठाकुर, 12 प्रतिशत वैश्य, 18 प्रतिशत अनुसूचित जाति और छह प्रतिशत मुस्लिम मतदाता शामिल हैं।

## 'हमें कांग्रेस पार्टी को लंका समझकर जलाना होगा'

एजेंसी ▶▶| अमेठी

**स्मृति ईरानी ने कहा मोदी जी श्रीराम हैं और हम सब उनके हनुमान**



लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अमेठी में कई दिनों से चुनाव प्रचार कर रही हैं। अमेठी संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पहुंच कर जनता से मुलाकता कर रही हैं। पिछले 5 सालों में सरकार के किए गए विकास कार्यों को लोगों को बता रही हैं। साथ ही इस बार भी लोगों से अपने लिए मतदान करने की अपील कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस पार्टी को लंका बताया। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी की तुलना की श्रीराम से की। उन्होंने कहा कि हम मोदीजी के हनुमान हैं और हमें अब अपनी पूछ से कांग्रेस पार्टी रूपी लंका में आग लगानी है। केंद्रीय मंत्री स्मृति को भाजपा ने तीसरी बार टिकट देकर स्मृति ईरानी पर फिर से एक बार भरोसा किया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में स्मृति इरानी, राहुल गांधी को चुनाव हराकर अमेठी की सांसद बनीं। पिछले 5 सालों में अमेठी लोकसभा में स्मृति ईरानी किए गए विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने के लिए लगातार यहां डटी हुई हैं।

### राहुल गांधी फिर दिखाएंगे सपने

अमेठी लोकसभा में लोगों से मुलाकता कर के फिर से एक बार कमल खिलाने की बात कर रही हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला और कहा कि राहुल गांधी 26 अप्रैल के बाद अमेठी आएंगे। फिर से अमेठी के लोगों को छलेंगे और बड़े-बड़े सपने दिखाएंगे। पिछले 50 सालों में कांग्रेस पार्टी ने कुछ नहीं किया, जितना विकास अब देख रहे हैं, वो विकास अमेठी में कभी नहीं हुआ था।

## ईश्वरप्पा को 6 साल के लिए बीजेपी ने पार्टी से निकाला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**ईश्वरप्पा ने तोड़ी चुप्पी कांग्रेस में शामिल नहीं होऊंगा**



बीजेपी ने बागी नेता केएस ईश्वरप्पा पर कार्रवाई करते हुए उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। हालांकि, पार्टी की ओर से की गई कार्रवाई पर अब बागी नेता केएस ईश्वरप्पा ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने अपने अगले कदम को लेकर बड़ा बयान दिया है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, केएस ईश्वरप्पा ने कहा कि वह कांग्रेस में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि मैं निष्कासन से नहीं डरूंगा। चुनाव के बाद फिर से बीजेपी में शामिल होऊंगा। केएस ईश्वरप्पा कर्नाटक की शिवमोगा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट से बीजेपी ने येदियुरप्पा के बेटे राघवेंद्र को मैदान में उतारा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईश्वरप्पा अपने बेटे के लिए पार्टी से टिकट चाहते थे, लेकिन उनके बेटे को टिकट नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने येदियुरप्पा के बेटे के खिलाफ चुनाव लड़ने का ऐलान करते हुए नामांकन दाखिल कर दिया था। ईश्वरप्पा के बागी रूख के बाद उन्हें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा मनाने की कोशिश भी की गई। ये कोशिश विफल हुई तो बीजेपी ने पूर्व सीएम केएस ईश्वरप्पा के खिलाफ एक्शन लिया और उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते छह साल के लिए निकाल दिया दिया गया।

### कर्नाटक में मतदान

बता दें कि कर्नाटक की 29 लोकसभा सीटों पर इस बार दो चरणों में चुनाव होगा। 14 सीटों पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा, जबकि बाकी 14 सीटों पर मतदान तीसरे चरण में 7 मई को होगा।

**बीजेपी जीत चुकी है यहां से निर्विरोध चुनाव**

## सूरत से कांग्रेस उम्मीदवार रहे कुम्भानी होंगे भाजपा में शामिल!

एजेंसी ▶▶| सूरत



लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले ही बीजेपी को एक लोकसभा सीट पर जीत मिल गई है। सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुम्भानी का नामांकन पहले रद्द हो गया और उसके बाद सूरत लोकसभा से आठ निर्दलीयों ने भी अपना नामांकन वापस ले लिया। इसके बाद भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल निर्विरोध जीत गए। अब बड़ी खबर आ रही है कि कांग्रेस के उम्मीदवार रहे निलेश कुम्भानी बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। सूत्रों के अनुसार वह इसी हफ्ते बीजेपी से जुड़ सकते हैं।

**हस्ताक्षर में सामने आई थी गड़बड़ी :** निलेश कुम्भानी के प्रस्तावको के हस्ताक्षर में गड़बड़ी सामने आई थी। इसी का हवाला देते हुए चुनाव आयोग ने उनका नामांकन रद्द किया था। बीजेपी उम्मीदवार मुकेश दलाल को जीत का सर्टिफिकेट भी मिल चुका है।


### कांग्रेस पहुंची सुप्रीम कोर्ट

कांग्रेस नेताओं का एक डेलिगेशन मख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त से मिला। यहां पर उन्होंने मांग की है कि सूरत सीट पर दोबारा से चुनाव प्रक्रिया कराई जाए। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिघंवी ने कहा कि हमने चीफ इलेक्शन कमीशनर से आग्रह किया है कि सूरत सीट पर चुनाव स्थगित करवा दिए जाएं। इस बीच कांग्रेस के अंदर ही बगावत देखने को मिल रही है। कांग्रेस के नेता असलम सायकलवाला ने कहा है कि निलेश कुम्भानी ने टिकट का सौदा कर लिया है और वह बिक चुके हैं। उन्हें उम्मीदवार बनाना कांग्रेस की सबसे बड़ी गलती है।

**बंगाल में बोले गृहमंत्री अमित शाह**

## 'भाजपा को वोट दें, ममता के गुंडों को उल्टा लटका देंगे'

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस नेता ममता बनर्जी में नागरिकता संशोधन अधिनियम को छूने की हिम्मत नहीं है, उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी हिंदू शरणार्थियों को नए कानून के तहत नागरिकता मिलेगी। अमित शाह ने करनदिघी में चुनावी रैली के दौरान कहा तृणमूल के शासन में पश्चिम बंगाल में घुसपैठ बेरोकटोक जारी है। उन्होंने कहा बंगाल की मुख्यमंत्री सीमावर्ती राज्य में घुसपैठ नहीं रोक सकतीं. "क्या ममता बनर्जी घुसपैठ रोक सकती हैं? वह नहीं रोक सकतीं। केवल (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदीजी ही घुसपैठ रोक सकते हैं। शाह ने रायगंज से भाजपा उम्मीदवार कार्तिक पॉल के समर्थन में रैली करते हुए कहा पिछली बार आपने हमें 18 सीटें दी थीं। मोदी ने राम मंदिर दिया। इस बार हमें 35 सीटें दीजिए, हम घुसपैठ रोक देंगे।

### 'संदेशखाली में अत्याचार किया गया'

शाह ने अनियमितताओं के कारण सरकारी स्कूल कर्मचारियों की लगभग 25,000 नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश का भी जिक्र किया। साथ ही कहा ममता बनर्जी "मां, माटी और मानुष" के नारे पर सत्ता में आई थीं। संदेशखाली में मां पर अत्याचार किया गया, माटी को बांग्लादेशी घुसपैठियों को दे दिया गया और मानुष को भ्रष्टाचार की मार झेलनी पड़ रही है।" उन्होंने कहा, "भाजपा को वोट दें, ममता बनर्जी के गुंडों को उल्टा लटकाया जाएगा और सीधा किया जाएगा।

## कांग्रेस, भाजपा जैसे राजनीतिक दलों को चुनाव चिह्न मिलने की है अपनी दास्तान

# कांग्रेस को 'हाथ' और बीजेपी को 'कमल' मिलने की कहानी

*'चुनाव चिन्ह' किसी भी दल के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसके लिए लड़ाई तक लड़ी जाती है। शिवसेना और राकांपा के हालिया उदाहरण हमारे पास हैं ही, जिनमें दो फाड़ होने के बाद इसके लिए काफी जोर-आजमाइश हुई। क्या आप जानते हैं कि किसी भी राजनीतिक दल को चुनाव लड़ने के लिए 'चुनाव चिन्ह' कैसे दिया जाता है। यानी कांग्रेस को पंजा और बीजेपी को कमल या बसपा को हाथी का सिंबल कैसे मिला?*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राजनीतिक दलों को चुनाव चिन्ह दिए जाने की जरूरत शिक्षा की कमी से जुड़ी थी। साल 1951-52 के पहले लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने महसूस किया कि ऐसे देश में चुनाव चिन्ह बहुत महत्वपूर्ण है जहां लोग कम-पढ़े लिखे हैं और साक्षरता दर 20% से कम है। ऐसे में लोगों को एक दो दलों के बीच फर्क कराने के लिए या ये कहें कि पहचान कराने के लिए चुनाव चिन्ह दिए गए। ऐसे चुनाव चिन्ह जिन्हें आसानी से पहचाना जा सके और जिनमें धार्मिक एंगल ना हो—जैसे गाय, मंदिर, राष्ट्रीय ध्वज आदि। जब पहली बार चुनाव चिन्ह बांटे गए तो जिन पार्टियों को राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों के रूप में मान्यता दी गई थी उन्हें चुनाव आयोग ने 26 चुनाव चिन्हों की एक लिस्ट सौंपी थी।

### ऐसे बांटे गए चुनाव चिह्न




चुनाव आयोग के कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल्स 1961 के नियम नंबर 5 और 6 चुनाव चिन्ह अलोटमेंट से जुड़े हैं। पहले चुनाव में कांग्रेस का चुनाव चिन्ह 'दो बैलों की जोड़ी' था। लेकिन जब पार्टी का दो गुटों में विभाजन हुआ तो चुनाव चिन्ह पर संकट आ गया। कांग्रेस (ओ) और कांग्रेस (आर) में पार्टी दो ग्रुप्स में बंट गई। तब 25 जनवरी, 1971 को चुनाव आयोग ने कांग्रेस (ओ) को 'महिला द्वारा चलाया जाने वाला चरखा' और कांग्रेस (आर) को 'बछड़ा और गाय' चुनाव चिन्ह दे दिया। इसके बाद फिर विभाजन हुआ। 2 फरवरी, 1978 को चुनाव आयोग ने इंदिरा समूह को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई) के तौर पर एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता दी और चुनाव चिन्ह 'हाथ' दिया गया। तबसे यही कांग्रेस का सिंबल है।

### बीजेपी को कैसे मिला 'कमल' चुनाव चिन्ह?

भारतीय जनसंघ (बीजेएस) को 7 सितंबर, 1951 को चुनाव चिन्ह के रूप में 'दीपक' ('लैंप') आवंटित किया गया था। बीजेएस ने 'लैंप' का उपयोग तब तक जारी रखा जब तक कि 1977 के चुनाव से पहले इसका अनौपचारिक रूप से जनता पार्टी में विलय नहीं हो गया। लेकिन जनता पार्टी को जल्द ही कई विभाजनों का सामना करना पड़ा। 6 अप्रैल, 1980 को कुछ नेताओं के एक ग्रुप ने (जो पहले बीजेएस के साथ थे) दिल्ली में मुलाकात की और अटल बिहारी वाजपेयी को अपना नेता घोषित किया। दोनों ग्रुप असली जनता दल होने की बात कर रहे थे लेकिन चुनाव आयोग ने हस्तक्षेप करते हुए तब तक नाम को उपयोग नहीं करने पर रोक लगा दी जब की आखिरी फैसला ना हो जाए। 1980 में चुनाव आयोग ने अटल बिहारी वाजपेयी की अगुआई में भारतीय जनता पार्टी को मान्यता दी और 'कमल के फूल' को चुनाव चिन्ह के तौर पर दिया गया।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से डॉ. हिमांशु द्विवेदी का चुनावी संवाद

# मोदी की गारंटी सबसे बड़ी गारंटी है, उन्हें तीसरी बार पीएम बनने से कोई ताकत नहीं रोक सकती

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव के विधायक, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का कहना है कि इस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी सबसे बड़ी गारंटी है। देश में जो माहौल दिख रहा है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि श्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। उनके नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। दुनिया में देश का परचम लहरा रहा है। डा. रमन ने राजनांदगांव चुनाव को लेकर कहा कि दुर्ग से जाकर मोतीलाल वोरा भी राजनांदगांव चुनाव लड़े थे, वे कुछ नहीं कर सके तो भूपेश बघेल क्या कर लेंगे। उनकी हार तय है। कांग्रेस ने विधानसभा में बोल्ड हो चुके खिलाड़ियों को लोकसभा में उतारा है, इस बार सबकी इच्छा पूरी होगी और भाजपा सभी 11 सीटें जीतेगी। हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से चुनावी संवाद में उनसे हुई बातचीत प्रस्तुत है।

- ***आप इस समय विधानसभा अध्यक्ष हैं, इस चुनाव में आप अपने को किस भूमिका में देख रहे हैं?***
- राजनीति में हमेशा दायित्व बदलता रहता है, इसी के साथ कार्य की शैली और काम भी बदलते हैं। कभी विधायक के नाते, कभी सांसद के नाते, कभी केंद्रीय मंत्री के नाते, फिर 15 साल तक मुख्यमंत्री, इसके बाद विपक्ष के नाते भी काम किया है। अब बिल्कुल एक नई भूमिका में विधानसभा अध्यक्ष के नाते काम कर रहा हूं। इस बार चुनाव में मेरी भूमिका सीधे मैदान पर उतरने की नहीं है, मैं इस चुनाव में अपनी भूमिका को अलग रूप से महसूस कर रहा हूं। मुझसे जो राय लेने आते हैं, बात करने आते हैं, उनसे मैं अपनी बात बंद कमरे में कहता हूं, सार्वजनिक रूप से नहीं कहता हूं।




- भूमिका के बदलाव में कैसा लग रहा है, हाथ बंधे-बंधे से तो नहीं लगते हैं?
- अचानक खेलते-खेलते, मैदान के बाहर बैठकर इसको देखना एक अद्भुत अनुभव है। इस अनुभव का भी मजा ले रहा हूं।
- ***क्या दिख रहा है इस बार का लोकसभा चुनाव?***
- पूरे देश का जो वातावरण बता रहा है, जनता का जो रुख दिख रहा है, उससे साफ लग रहा है कि तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ नरेंद्र मोदी को सरकार बनाने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती है। मोदी की गारंटी, इससे बड़ी कोई गारंटी आज नहीं है। मोदी जी ने दस साल के कार्यकाल में जो अद्भुत काम किए हैं, उसका नतीजा है कि उसका विश्वास ग्रास रूट तक दिख रहा है। आज 80 करोड़ परिवारों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा है। 12 करोड़ के लिए शौचालय की बात करें, 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की बात करें, 40 करोड़ के लिए मुफ्त इलाज की बात करें, किसान सम्मान निधि की बात करें। चार करोड़ आवास भी बने। ऐसी न जाने कितनी योजनाएं हैं, इन योजनाओं ने गरीबों के जीवन में अद्भुत परिवर्तन लाने का काम किया है। दस करोड़ घरों में पीने के पानी की व्यवस्था की है। यही नहीं, आज दुनिया में शक्तिशाली देशों की बात होती है, तो पांच प्रमुख देशों में भारत का नाम आता है। मोदी जी का सपना है, 2047 में भारत पूर्ण विकसित देश हो। विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनेगा भारत।
- ***अब पार्टी से ज्यादा भरोसा एक शख्स नरेंद्र मोदी पर दिखता है, इसको लेकर क्या कहते हैं?***
- जिनका संकल्प इतना गहरा हो, जो जनसंघ के दौर से शुरू करके यहां तक आए हैं। जो 1951 का जनसंघ का घोषणापत्र रहा है, उसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी किसी शख्स को मिल रही है, तो वो नरेंद्र मोदी है। 370 को समाप्त करना, इस असंभव काम को किया है। तीन तलाक को समाप्त करना। अयोध्या में ▸▸|शेष पेज 5 पर




सक्ती और धमतरी में आयोजित भाजपा की विजय शंखनाद महारैली में गरजे प्रधानमंत्री

# पीएम मोदी बोले-जनता को बरगला रही कांग्रेस, कोई नहीं बदल सकता संविधान

*लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां भाजपा सरकार की 10 साल की उपलब्धियां गिनाई, वहीं प्रमुख विपक्षी कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले कांग्रेसी चुनाव के समय हर बार जनता को बरगलाने की कोशिश करते हैं। वे 20 साल से एक ही बात बोलते हैं कि केंद्र में भाजपा की सरकार आएगी तो संविधान बदल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा और मोदी तो क्या बाबा साहब अंबेडकर खुद भी आ जाएं तब भी भारत का संविधान नहीं बदल सकता।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जांजगीर सक्ती/धमतरी

जांजगीर-चांपा लोकसभा अंतर्गत सक्ती के जेठा कॉलेज ग्राउंड में मंगलवार 23 अप्रैल को भाजपा के विजय शंखनाद महारैली को लेकर आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन हुआ। वे 2:50 पर मंच पर पहुंचे तकरीबन 10 मिनट के स्वागत और अन्य अतिथियों के संबोधन पश्चात 3:00 बजे उन्होंने अपना भाषण शुरू किया। भाषण की शुरुआत उन्होंने छत्तीसगढ़ी में सभी लोगों का अभिवादन कर जय जोहार से की। करीब आधे घंटे के भाषण में प्रधानमंत्री ने कांग्रेसियों को आडे.हाथों लिया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करते आई है। ▸▸|शेष पेज 5 पर

### भाजपा सरकार की 10 साल की उपलब्धियां गिनाई, विपक्ष पर साधा जमकर निशाना





### सिर फोड़ने की बात करने वालों को जनता सिखाएगी सबक

सक्ती पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना किसी का नाम लिए सिर फोड़ने वाले बयान पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता कुछ भी बोल रहे हैं। वह मोदी का सिर फोड़ने की बात कहते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी को इसकी चिंता नहीं है। जनता जनार्दन का आशीर्वाद उनके ▸▸|शेष पेज 5 पर

### रूपकुमारी और भोजराज के लिए पीएम ने मांगा वोट

धमतरी

हजारों लोगों की चुनावी सभा में हुंकार भरते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी और कांकेर लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग के लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब भी पावर में रही, विकास को पटरी से उतारने का काम किया। अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए हिंसा और माओवाद को बढ़ावा देती रही। इतिहास गवाह है कि कांग्रेस और विकास एक साथ नहीं चल सकते। ▸▸|शेष पेज 5 पर

सीएम साय का बड़ा बयान

## भूपेश जैसे दागदार चेहरे को प्रत्याशी बना कांग्रेस ने चुनाव कर दिया आसान

**रायपुर/राजनांदगांव।** राजनांदगांव प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बड़ा बयान सामने आया है। राजनांदगांव सीट पर चुनाव की प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भूपेश बघेल जैसे दागदार चेहरे को प्रत्याशी बनाकर राजनांदगांव का चुनाव बेहद आसान कर दिया है। राजनांदगांव सीट वैसे भी भारतीय जनता पार्टी जीत रही थी, परंतु कांग्रेस ने जिस प्रकार सरकार से संगठन तक भ्रष्टाचार के आरोप झेल रहे, छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला, गोबर घोटाला, राशन घोटाला, कोयला ▸▸|शेष पेज 5 पर



### भूपेश के नेतृत्व को जनता ने नकारा

छत्तीसगढ़ की जनता भूपेश के नेतृत्व को नकार चुकी है। अब राजनांदगांव की जनता भी छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता को धोखा देने वाले भूपेश बघेल को भारी मतों से हराएगी। भूपेश बघेल का राजनांदगांव से सौतेला व्यवहार जनता भूली नहीं है।

खबर संक्षेप

### ट्रक-बस की टक्कर चार यात्रियों की मौत

**कन्नौज।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर मंगलवार तड़के गोरखपुर से दिल्ली जा रही एक बस डिवाइडर तोड़कर विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई। इससे बस में सवार चार यात्रियों की मौत हो गई और 21 अन्य यात्री घायल हो गए। बस में करीब 40 यात्री सवार थे। मृतकों की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

### एक करोड़ नकदी, चार किलो के आभूषण जब्त

**मंदसौर।** मंदसौर जिले में पुलिस ने जांच के दौरान एक कार से 1.03 करोड़ रुपए की नकदी और चार किलोग्राम चांदी के आभूषण जब्त किए हैं। कार में सवार दो पुरुषों और एक महिला को हिरासत में ले लिया गया। संसदीय चुनाव के मद्देनजर राज्य में उड़न दस्ता टीमों द्वारा वाहनों की जांच तेज कर दी गयी है।

### आठ साल से बन रहा पुल ढहा

**हैदराबाद।** तेलंगाना के पेद्दापल्ली में एक निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ढह गया। तेज हवाओं के चलने के दौरान पुल का हिस्सा ढह गया। करीब 100 फीट की दूरी पर स्थित दो खंभों के बीच के पांच में से दो कंक्रीट गार्डर रात में गिर गए। संयोग अच्छा था कि कुछ ही मिनट पहले एक बारातियों से भरी एक बस उधर से गुजरी थी।

## रामदेव बोले-67 अखबारों में माफी छपवाई, कोर्ट ने पूछा-छोटा या बड़ा?

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

पतंजलि आयुर्वेद मामले में सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। योगगुरु रामदेव और उनके सहयोगी पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के बालकृष्ण ने न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ को बताया कि उन्होंने भ्रामक विज्ञापनों पर 67 समाचार पत्रों में बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगी है। वे अपनी गलतियों के लिए बिना शर्त माफी मांगते हुए अतिरिक्त विज्ञापन भी जारी करना चाहते हैं। इस पर पीठ ने पूछा- माफी वाला विज्ञापन छोटा था या विज्ञापनों ▸▸|शेष पेज 5 पर



### क्या है मामला

शीर्ष अदालत 2022 में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें कोविड टीकाकरण और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान चलाने का आरोप लगाया गया है। रामदेव और बालकृष्ण ने अपने उत्पादों की औषधीय प्रभावकारिता के बारे में बड़े-बड़े दावे करने वाले विज्ञापनों को लेकर पूर्व में शीर्ष अदालत के समक्ष बिना शर्त माफी मांगी थी।

### आईएमए को भी दी हिदायत

पीठ ने पतंजलि विज्ञापन मामले में याचिकाकर्ता इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) से भी अपना घर व्यवस्थित करने को कहा। इसने कहा कि आईएमए के सदस्यों के कथित अनैतिक कृत्यों के बारे में कई शिकायतें की गई हैं जो अत्यधिक महंगी दवाएं और उपचार लिखते हैं। पीठ ने अदालत को प्रभावी सहायता के लिए मामले में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) को भी प्रतिवादी बनाने का आदेश दिया।




### सोना टूटा, 3 दिन में 2400 रुपए सस्ता



**नई दिल्ली।** पिछले कुछ माह से सराफा में जारी तेजी पर लगातार तीन दिन से विराम लग रहा है। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोना 1,450 रुपए प्रति 10 ग्राम की गिरावट के साथ 72,200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी की कीमत में भी 2,300 रुपए प्रति किलो की गिरावट आई।

**सोना 1450 रुपए टूटकर 72200 पर**

- 21 अप्रैल-74,578 रु.
- 22 अप्रैल-73650 रु.
- 23 अप्रैल-72200 रु.

### चांदी भी लुढ़की

चांदी की कीमत भी 2,300 रुपए लुढ़ककर 83,500 रुपए प्रति किलोग्राम रही। पिछला बंद भाव 85,800 रुपये प्रति किलोग्राम था।

एक्शन में वाणिज्य मंत्रालय

## मसाले बैन, सिंगापुर और हांगकांग से मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

दुनिया में मसालों के सबसे बड़े उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक भारत ने सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से दो भारतीय कंपनियों के मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने से संबंधित ब्योरा मांगा है। सिंगापुर और हांगकांग ने हाल ही में गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के कारण एमडीएच और एवरेस्ट कंपनियों के कुछ मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

### मसाला बोर्ड लेगा निर्णय

भारतीय मसाला बोर्ड एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला-मिश्रण उत्पादों की बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध पर विचार कर रहा है। हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामक ने उपभोक्ताओं से इन उत्पादों को न खरीदने और व्यापारियों से बिक्री न करने को कहा है जबकि सिंगापुर खाद्य एजेंसी ने उत्पादों को वापस लेने का निर्देश दिया है।

UNCONDITIONAL PUBLIC APOLOGY

भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण (रिट याचिका सं. 645/2022) के संदर्भ में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों/आदेशों का पालन न करने अथवा अवज्ञा के लिए हम वैयक्तिक रूप से, साथ ही कम्पनी की ओर से बिना शर्त क्षमायाची हैं।

हम विगत 22.11.2023 को बैठक/संवाददाता सम्मेलन आयोजित करने के लिए भी क्षमाप्रार्थी हैं। हम अपने विज्ञापनों के प्रकाशन में हुई गलती के लिए भी ईमानदारी से क्षमा चाहते हैं और पूरे मन से प्रतिबद्धता व्यक्त करते हैं कि ऐसी त्रुटियों की पुनरावृत्ति नहीं होगी। हम पूरी सावधानी और अत्यंत निष्ठा के साथ माननीय न्यायालय के निर्देशों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम न्यायालय की महिमा का सम्मान बनाए रखने और लागू कानूनों एवं माननीय न्यायालय/संबंधित अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने का वचन देते हैं।

निवेदक,
पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड,
आचार्य बालकृष्ण,
स्वामी रामदेव,
हरिद्वार, उत्तराखंड

## चिंतन

# दलबदल कानून मजबूत हो 'फ्रीबिज' पर प्रतिबंध लगे

अभी जब देश में आम चुनाव हो रहे हैं, तो इस दरम्यान पूर्व उपराष्ट्रपति व पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित एम. वेंकैया नायडू ने दो मौजूं विषय उठाए हैं। नायडू ने कहा कि दलबदल कानून का और मजबूत किया जाना चाहिए और चुनाव में मुफ्त उपहार (फ्रीबिज) खत्म होना चाहिए। संयोग से भारतीय लोकतंत्र इन दोनों सिंड्रोम से ग्रसित है। दलबदल कानून का सहारा लेकर चुनाव के बाद सरकारें बन रही हैं, सरकारें गिर रही हैं। सत्ता की सियासत में राजनीतिक नैतिकता और दलगत प्रतिबद्धता गौण होती जा रही हैं। जनप्रतिनिधि चंद लालच में दल बदलने को तैयार हो जाते हैं। जनप्रतिनिधियों का दलबदल करना मतदताओं के साथ कितना बड़ा विश्वासघात है। दुर्भाग्य की बात है कि दलबदल के खेल में सभी दल शामिल हैं। हाल के वर्षों में बड़े-बड़े दलबदल कर सत्ता बदली है, चुनी हुई सरकार गिरी है, नहीं सरकार बनी है। इस बाबत वेंकैया नायडू का सुझाव काबिलेगौर है। । हमें दलबदल रोधी कानून को मजबूत करना चाहिए। चिंता की बात यह है कि अब सार्वजनिक जीवन में मानकों में गिरावट आ रही है। राजनीतिक दलों में, लोग अक्सर अपनी पार्टियां बदलते हैं। नवीनतम प्रवृत्ति यह है कि लोग सुबह एक पार्टी में होते हैं और शाम को दूसरी पार्टी में शामिल हो जाते हैं और फिर वे अपने नेता की आलोचना करते हैं और दाएं-बायें बातें कहते हैं, उनमें से कुछ को टिकट मिलने में भी वरीयता मिलती है। यह बहुत परेशान करने वाली प्रवृत्ति है और लोगों को इससे बचना चाहिए। लोगों को दलों में काम करना चाहिए और अपनी साख साबित करनी चाहिए। अगर कोई पार्टी बदलना चाहता है, तो उसे उस पार्टी द्वारा दिए गए पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और उसके बाद ही दूसरी पार्टी में शामिल होना चाहिए। कोई भी समझ सकता है कि आरोप लगा रहे हैं, लेकिन जो हो रहा है वह आरोप नहीं बल्कि अनुचित व्यवहार है। इस समय देश में व्यापक दलबदल कानून है, जिसमें दल बदलने के लिए दो तिहाई संख्याबल चाहिए, लेकिन यह भी नाकाफी साबित हो रहा है। दलबदल की प्रवृत्ति पर रोक के लिए न्यायविदों से सुझाव लिया जा सकता है। कायदे से अगर कोई भी जनप्रतिनिधि चुनाव जीतने के बाद दल बदलना चाहता है, उसे फिर से जनादेश हासिल करने का प्रावधान होना चाहिए। दल बदलते ही उस जनप्रतिनिधि की सांसदी या विधायकी खत्म हो जानी चाहिए। चुनाव पूर्व गठबंधन, चुनाव बाद गठबंधन राजनीतिक कसौटी पर न्यायपूर्ण है, लेकिन जिस दल के नेता के रूप में मतदाताओं ने चुना है, उसे छोड़कर अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए दूसरे दल का दामन थामना, सीधे मतदाताओं के साथ धोखा है, वोटरों से विश्वासघात है। किसी के दल बदलते ही फिर से जनादेश पाने की अनिवार्यता होने से दलबदल की मौजूदा परिपाटी पर लगाम लग सकती है। नायडू ने चुनाव के दौरान मुफ्त के उपहार (फ्रीबिज) की घोषणाओं पर भी आपत्तति जताई है। हालांकि नायडू केंद्र में वर्षों तक उच्च पदों पर रहे हैं, तो उन्हें गंभीरता से ये मुद्दे पूर्व में उठाने चाहिए थे, लेकिन देर से ही सही, कम से कम फ्रीबिज को हानिकारक परिपाटी बता कर दलों को आईना जरूर दिखाया है। चुनाव में मतदाताओं को फ्रीबिज से लुभाने की चेष्टा अस्वस्थ प्रवृत्ति है। राज्य की वित्तीय स्थिति के अनुकूल योजनाएं लानी चाहिए। चुनाव घोषणा-पत्र वास्तविक होना चाहिए, उसमें किए वादे पूरे करने के संसाधन का रोडमैप होना चाहिए। चूंकि देश में चुनाव हो रहे हैं, इसलिए इन गंभीर राजनीतिक रोगों का स्थाई इलाज होना चाहिए। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र अगर है, तो हमें आदर्श लोकतंत्र बनाना चाहिए, लोकतंत्र की नैतिकता के उच्च मानक स्थापित करने चाहिए।

## सारा संसार



भगवान अयप्पा को समर्पित, यह केरल के सभी सस्था मंदिरों में सबसे प्रसिद्ध मंदिर है। ये मंदिर सबरीमाला पहाड़ी की चोटी और पेरियार टाइगर रिजर्व में स्थित है। सबरीमाला सस्था मंदिर हर साल लाखों भक्तों को आकर्षित करता है।

## मतदान

डॉ. मोनिका शर्मा



# अपने दायित्व को समझें नागरिक

लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के मतदान में देश के कई हिस्सों में कम वोटिंग होना राजनीतिक दलों के लिए ही नहीं समग्र समाज के लिए चिंता और चर्चा का विषय है। भारत में मतदाताओं का उदासीन रवैया कई प्रश्न उठाता है। ज्ञात हो कि 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर पहले चरण की वोटिंग में औसत 60.03 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। बीते दो लोकसभा चुनावों की तुलना में इन सीटों पर मतदान प्रतिशत कम रहा है। देश में कई सीटों पर 50 प्रतिशत से भी कम वोटिंग हुई है, जिसके चलते चुनाव आयोग भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपनी रणनीति में सुधार करने की योजना बना रहा है। चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया के मंच इंस्टाग्राम और एक्स पर भी आमजन से घर से निकलने और मतदान करने के लिए कहा है। जरूरी है कि हर मतदाता इस अपील की सार्थकता को समझे। वस्तुतः चुनाव आयोग के प्रयासों के साथ ही आमजन को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। देश की सरकार चुनने में मतदाताओं को बढ़-चढ़कर भागीदारी निभानी चाहिए। त्योहार, शादी-ब्याह को पोलिंग बूथ तक ना पहुंचने की वजह बना लेना, उचित नहीं है। विशेषकर महानगरों और शहरी क्षेत्रों में, मतदान के दिन को आराम के दिन के रूप में मानने की प्रवृत्ति बेहद चिंतनीय है। चुनाव को गंभीरता से लेते हुए हर मतदाता को लोकतन्त्र के महापर्व में भागीदार बनने के मोर्चे पर किसी चीज को आड़े नहीं आने देना चाहिए। चुनाव आयोग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चुनाव में भी देश के तिहाई लोगों ने अपने मत का उपयोग नहीं किया था। मताधिकार का प्रयोग न करने वालों में युवा, अमीर और शहरी जनसंख्या वाले लोग भी शामिल थे। 18वीं लोकसभा के लिए 7 चरणों में पूरी होने वाली वोटिंग में इस बार भी पहले चरण के मत प्रतिशत के रुझान मतदाताओं को मतदान करने के प्रति सजग करने वाले हैं। ज्ञात हो कि पिछले दो वर्षों में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में चुनाव आयोग और दलों ने मतदाताओं को वोटिंग के दौरान सहज अनुभव प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत की है। अनेक परामर्शों, समीक्षाओं, विभिन्न क्षेत्रों के दौरों और अधिकारियों के व्यापक प्रशिक्षण के बाद सावधानीपूर्वक सारी तैयारियां की हैं। ऐसे में विशाल जनसंख्या और विविधतापूर्ण संस्कृति वाले हमारे देश में चुनाव आयोग के प्रयासों और योजनाओं को मतदान के प्रति आमजन की प्रतिबद्धता का भी साथ मिलना चाहिए। मतदान प्रत्येक भारतीय नागरिक का संवैधानिक अधिकार भी है और कर्तव्य भी। इस संवैधानिक अधिकार के वैकल्पिक होने का अर्थ नहीं है कि अपने आंगन को संवारने-सहेजने वाले जन-प्रतिनिधियों को चुनने में रुचि न ली जाए। मणिपुर हाईकोर्ट द्वारा एक अहम आदेश में कहा गया है कि वोट डालने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत मतदाताओं के भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का ही एक हिस्सा है। ऐसे में मतदान करना अपना और अपने देश का भविष्य चुनने के समान है। देश की जनतांत्रिक व्यवस्था के सम्मान और बतौर नागरिक अपनी स्वतंत्रता और मान को कायम रखने के लिए हर भारतीय के मन में यह दायित्व निभाने की प्रतिबद्धता आवश्यक है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विश्लेषण

सतीश सिंह

# तेज ग्रोथ के लिए अनुकूलन जरूरी

**कोरोना महामारी के शुरू होने के बाद से वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर धीमी बनी हुई है। हालांकि, इस मामले में भारत की स्थिति काफी बेहतर है। भले ही वैश्विक स्तर पर विकास दर धीमी रहेगी, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर आगामी सालों में भी तेज बनी रहेगी। आईएमएफ ने विश्व आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट में कहा है कि वित्त वर्ष 2024 और 2025 में भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत रह सकती है। उभरती अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाला देश बना रहेगा। सरकार की नीतियों की वजह से भारत में विकास की गति काफी तेज है और आगामी सालों में भी भारत में विकास दर के तेज बने रहने की संभावना है।**

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर मार्च महीने में घटकर 10 महीनों के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई, जो फरवरी महीने में 5.09 प्रतिशत और जनवरी में 5.1 प्रतिशत रही थी। हालांकि, खाद्य पदार्थों की खुदरा महंगाई 0.39 प्रतिशत कम होकर 8.27 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई। यह फरवरी महीने में 8.66 प्रतिशत रही थी। केंद्र सरकार ने आम चुनाव से पहले एलपीजी और पेट्रोल की कीमतों में कटौती की थी, जिसके कारण ईंधन एवं बिजली की कीमत में मार्च 2023 की तुलना में 3.24 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

खुदरा महंगाई बहुत ज्यादा चिंताजनक नहीं है, लेकिन यह अभी भी भारतीय रिजर्व बैंक के लक्ष्य 4 प्रतिशत से ऊपर है और इसी वजह से केंद्रीय बैंक ने विकास दर को स्थिर रखने के लिए ब्याज दरों में न तो बढ़ोतरी की है और न ही कटौती। साथ ही, द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षाओं में लगातार 7वीं दफा रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा है। खाद्य महंगाई के ऊंचे स्तर पर रहने से आम लोगों को अभी भी राहत नहीं मिली है, क्योंकि खाद्य तेलों की कीमत में गिरावट का दौर मार्च में भी जारी है और मार्च 2023 के मुकाबले इसमें 11.72 प्रतिशत की नरमी आई है, लेकिन सब्जियों की कीमत में 28.34 प्रतिशत, दालों की कीमत में 17.71, मसालों की कीमत में 11.4,अनाजों की कीमत में 8.37, अंडों की कीमत में 10.33, मांस-मछलियों की कीमत में 6.36 और दूध की कीमत में 3.38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कोरोना महामारी के शुरू होने के बाद से वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर धीमी पड़ गई है और कमोबेश सभी देश अभी भी महंगाई की समस्या से जूझ रहे हैं। हालांकि, मामले में भारत की स्थिति काफी बेहतर है। कुछ विकसित देशों में भी मंहगाई पहले से कम हुई है। अमेरिका में महंगाई के नरम रहने की संभावना की वजह से जून महीने में फेडरल रिजर्व बैंक नीतिगत ब्याज दरों में कटौती कर सकता है, जिससे निवेश के दूसरे विकल्पों में प्रतिफल कम हो जाएंगे, इसलिए निवेश से अधिक प्रतिफल मिलने की आस में लोग सोने में निवेश कर रहे हैं, जिससे सोने की कीमत में तेजी बनी हुई है। भारत में 12 अप्रैल को सोने की 10 ग्राम की कीमत बढ़कर 75,100 रुपये और चांदी की कीमत बढ़कर 85,500 रुपये किलो के स्तर पर पहुंच गई। फरवरी, 2024 में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर सालाना आधार पर 5.7 प्रतिशत बढ़ा, जो 4 महीनों में सबसे अधिक है। हालांकि, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन फरवरी 2023 में 6 प्रतिशत बढ़ा था। आईआईपी का पिछला उच्चतम स्तर अक्टूबर, 2023 में 11.9 प्रतिशत दर्ज किया गया था, जो नवंबर में घटकर 2.5 प्रतिशत, दिसंबर में 4.2 प्रतिशत और जनवरी 2024 में 4.1 प्रतिशत के स्तर पर रहा था। वित्त वर्ष 2023-24 के अप्रैल से फरवरी महीने के दौरान, आईआईपी वृद्धि 5.9 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो एक साल पहले 5.6 प्रतिशत रही थी। फरवरी महीने में खनन उत्पादन की वृद्धि दर बढ़कर 8 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 4.8 प्रतिशत रही थी। फरवरी 2024 के दौरान




उपभोक्ता टिकाउ वस्तुओं के उत्पादन में 12.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो फरवरी 2023 में 4.1 प्रतिशत रही थी। उल्लेखनीय है कि आईआईपी में वृद्धि आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने का सूचक है।

निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट ने 9 अप्रैल को कहा कि भारत में इस साल मानसून के सामान्य रहने की संभावना है। भारत के मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के वैज्ञानिकों का भी मानना है कि इस वर्ष देश में उत्तर पश्चिम, पूर्व और पूर्वोत्तर के हिस्सों को छोड़कर अधिकांश हिस्सों में जून से सितंबर महीने के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून अवधि में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। गौरतलब है कि ला नीना से मानसून परिसंचरण मजबूत होता है। स्काईमेट को दक्षिण, पश्चिम और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में अच्छी बारिश की उम्मीद है। इसके अनुसार, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के मानसून वर्षा आधारित क्षेत्रों में पर्याप्त वर्षा होगी, जबकि बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के पूर्वी राज्यों में जुलाई और अगस्त महीने के दौरान कम वर्षा होने का अनुमान है। साफ है अच्छे मानसून से विविध फसलों के उत्पादन में तेजी आएगी और महंगाई में कमी। विश्व बैंक के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में निवेश की धीमी गति रहने से विकास दर थोड़ी धीमी रहेगी। हालांकि, औद्योगिक उत्पादन व सेवा क्षेत्र मजबूत बने रहेंगे। रियल एस्टेट व निर्माण क्षेत्र में भी तेजी बनी रहेगी। मानसून के सामान्य से बेहतर रहने से महंगाई में भी गिरावट आने के आसार हैं। जीएसटी में वृद्धि से राजकोषीय घाटे और सरकारी कर्ज में कमी आने की संभावना है। विश्व बैंक के मुताबिक भारत की मजबूत विकास दर की वजह से अगले 2 सालों तक दक्षिण एशिया में विकास की गति तेज बनी रहेगी। वित्त वर्ष 2023-24 की अंतिम तिमाही का जीडीपी आंकड़ा जून महीने में जारी किया जाएगा, लेकिन फरवरी व मार्च महीने में सेवा व विनिर्माण क्षेत्र में तेजी को देखते हुए मार्च तिमाही में जीडीपी के 8 प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान जताया जा रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी हाल ही में अंतिम तिमाही में जीडीपी के 8 प्रतिशत से अधिक रहने अनुमान जताया था। पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने 17 अप्रैल 2024 को कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान भारत की जीडीपी वृद्धि दर 8.00 से 8.3 प्रतिशत के बीच रह सकती है। पीएचडीसीसीआई का यह भी कहना है कि अगले 23 सालों तक भारत की विकास दर औसतन 6.7 प्रतिशत रहेगी और 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था 34.7 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। साथ ही, उस समय भारत में प्रति व्यक्ति आय 21,000 डॉलर की होगी।

आईएमएफ के मुताबिक विकास दर में तेजी लाने के लिए वैश्विक स्तर पर महंगाई और देशों द्वारा लिए जा ऋण को नियंत्रित करना होगा। आईएमएफ ने 2024 के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था के 3.1 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ने का अनुमान जताया है, 2025 में यह 3.2 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ सकती है। आईएमएफ ने यह भी कहा है कि विकास दर को स्थिर रखने के लिए दुनिया के केंद्रीय बैंकों को सतर्कता बरतते हुए मौद्रिक नीति बनानी होगी, ताकि महंगाई व विकास के बीच संतुलन बना रहे।

भले ही वैश्विक स्तर पर विकास दर धीमी रहेगी, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर आगामी सालों में भी तेज बनी रहेगी। आईएमएफ ने "विश्व आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट" में कहा है कि वित्त वर्ष 2024 और 2025 में भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत रह सकती है। हालांकि,उभरती अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाला देश बना रहेगा। आंकड़ों से साफ है, सरकार की समीचीन नीतियों की वजह से भारत में विकास की गति काफी तेज है और मौजूदा स्थिति में आगामी सालों में भी भारत में विकास दर के तेज बने रहने की संभावना है।

(लेखक बैंक अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# जन्म व मृत्यु के उपरांत समाप्त होती है यात्रा



संकलित

## दर्शन

शरीर में समाहित ऊर्जापुंज को आत्मा कहा गया है। यह आत्मा अनंत ऊर्जा अर्थात परमात्मा का एक अति सूक्ष्म अंशमात्र है। भौतिक जगत में रहते हुए यह भौतिक शरीर एक यात्री के सदृश होता है। शरीर के जन्म के साथ ही यात्रा प्रारंभ होती है एवं मृत्यु के उपरांत समाप्त हो जाती है। अर्थात भौतिक शरीर के लिए जीवन एक यात्रा के समतुल्य है। जन्म के साथ ही ऊर्जापुंज अर्थात आत्मा भौतिक शरीर से संयुक्त होकर उसकी यात्रा में सहयात्री की भूमिका का निर्वहन करने लगता है एवं मरणोपरांत स्वयं को यात्रा से अलग कर लेता है। यह कहा जा सकता है कि भौतिक शरीर की यात्रा का आदि और अंत स्पष्टतः ज्ञात होता है, परंतु ऊर्जापुंज जिसे आत्मा कहकर संबोधित किया जाता है, अपनी यात्रा के आदि और अंत से सर्वथा अपरिचित होता है। आत्मा की यात्रा कब और क्यों प्रारंभ हुई तथा कब और क्यों पूर्ण होगी? इन प्रश्नों का हल आज भी एक चुनौती के रूप में खड़ा है। ऊर्जापुंज अगणित भौतिक शरीरों की भौतिक यात्रा में सहयात्री की भूमिका को निभाता हुआ अपनी अनंत दिव्ययात्र को जारी रखता है। अर्थात आत्मा की इस अलौकिक यात्रा में अनंत लौकिक यात्राएं शामिल होती हैं। इस अलौकिक यात्रा के संबंध में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि यह यात्रा अनंत से प्रारंभ होकर अनंत पर ही पूर्ण होगी, किंतु अनंत को परिभाषित करना भी असंभव है। अनंत को अज्ञात का पर्याय माना जा सकता है। प्रश्न यह उठता है कि इस अनंत गति को अनवरत जारी रखने के लिए आवश्यक बल किस स्नेत से प्राप्त होता है?

# कोयला और चंदन



संकलित

## प्रेरणा

चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया। बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा-देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया। अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ। बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया। उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो। बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा। मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो वह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, देखा तुमने। कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई। गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है। दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकडी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है और उनका साथ छूटने पर भी उनके विचारों की महक जीवन भर बनी रहती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पृथ्वी का संरक्षण जरूरी

सन 1970 में पृथ्वी के संरक्षण के उद्देश्य से अमरीकी सीनेटर गेलोर्ड नेल्सन ने पृथ्वी दिवस मनाने का निर्णय लिया था। इस दिवस को अमरीका ट्री डे के रूप में मनाता है। और अब सन 1970 से हर वर्ष 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस बहुत से देशों में मनाया जाता है। हमारे देश में भी इस दिन बहुत से प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। हम जिस थाली में खाएं, उसी में छेद करना शुरू कर दें, तो यह हमारी सबसे बड़ी नासमझी नहीं होगी, तो और क्या होगा? पृथ्वी हमें निस्वार्थ भाव से जीने के लिए सब कुछ देती है, लेकिन हम नासमझी बरतते हुए इसे ही अपने स्वार्थ के लिए आंखें बंद कर नुकसान पहुंचाने में लगे हुए हैं। पृथ्वी का नासमझी से दोहन हमें नुकसान पहुंचाएगा। इसलिए पृथ्वी का संरक्षण जरूरी है।

*– मनोज शुक्ला, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन की संसद ने दी रवांडा निर्वासन विधेयक को मंजूरी

कुछ प्रवासियों को रवांडा निर्वासित करने के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के प्रयासों को अंततः सोमवार देर रात संसद की मंजूरी मिल गई। इससे कुछ घंटे पहले ही सुनक ने विश्वास जताया था कि जुलाई में रवांडा के प्रवासियों को ले जाने वाली निर्वासन उड़ान शुरू होंगी। सुनक ने मंगलवार को अपनी सरकार के उक्त विवादास्पद 'रवांडा सुरक्षा विधेयक' को संसद की मंजूरी मिलने का स्वागत किया और संकल्प जताया कि अवैध प्रवासियों को उड़ानों से अफ्रीकी देश निर्वासित करने के रास्ते में कोई अड़चन नहीं आएगी। उन्होंने विधेयक को ऐतिहासिक करार दिया और इसे वैश्विक पलायन को संभालने में बुनियादी बदलाव लाने वाला बताया। उन्होंने एक बयान में कहा, 'इस ऐतिहासिक विधेयक का पारित होना न केवल एक कदम आगे बढ़ाना है बल्कि विस्थापन पर वैश्विक समीकरण में मूलभूत बदलाव करने वाला है।' संसद में इस विधेयक को लेकर करीब दो महीने से गतिरोध बना हुआ था। लेकिन सोमवार आधी रात के बाद अंततः गतिरोध समाप्त हुआ और 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' ने 'हाउस ऑफ कॉमन्स' की सर्वोच्चता को स्वीकार किया और अपने प्रस्तावित संशोधनों को वापस लेकर विधेयक के कानून बनने का रास्ता साफ कर दिया।



## ऑफ बीट

# देश भर में खतरनाक कचरे का परिवहन आसान नहीं

क्या आपने कभी सोचा है कि ट्रकों के पीछे अंकित प्रतीकों और संख्याओं वाले रंगीन संकेतों का क्या मतलब होता है? दरअसल वह विनियमों के उस जाल का एक हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य खतरनाक कचरे को एक जगह से दूसरी जगह ले जाते समय श्रमिकों और पर्यावरण को सुरक्षित रखना होता है। देश भर में खतरनाक गैसों, तरह तरह के जहर, हानिकारक रसायनों, संक्षारक और रेडियोधर्मी सामग्री जैसी खतरनाक सामग्रियों का परिवहन करना जोखिम भरा है। लेकिन चूँकि हर साल अमेरिका में लगभग 3 अरब पाउंड की खतरनाक सामग्री एक जगह से दूसरी जगह ले जाए जाने की ज़रूरत होती है, इसलिए यह अपरिहार्य है। देशभर में एक जगह से दूसरी जगह ले जाई जाने वाली आवश्यक सभी सामग्रियों के साथ, ट्रक और रेल परिवहन दोनों से खतरनाक सामग्री को ले जाना अपेक्षाकृत अपरिहार्य है। लेकिन अच्छे नियम इन घटनाओं को न्यूनतम रख सकते हैं। एक संचालन और रसद विशेषज्ञ के रूप में, मैंने वर्षों तक खतरनाक सामग्री परिवहन का अध्ययन किया है। नगरपालिका से संघीय स्तर तक सरकारी एजेंसियों के पास इन सामग्रियों की हैंडलिंग और परिवहन को नियंत्रित करने वाले नियम हैं, हालांकि वे थोड़े जटिल हो सकते हैं।



## ट्रेंड

### गरीबों की मदद की गारंटी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए किरमिरा और लाइकेरा ब्लॉक को एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी माना जाता है। प्रधानमंत्री अभय योजना के तहत घर, ज्वारजा योजना के तहत रसोई गैस और गरीब कल्याण भोजन योजना में मुफ्त चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। यह 'मोदी गारंटी' है।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### तत्काल रिहाई का आह्वान



जैसे ही यहूदी परिवार पास ओवर की शुरुआत के लिए इकट्ठा होते हैं, मेरा दिल उन सभी के लिए टूट जाता है जिनके सेडर टेबल पर उनके प्रियजन गायब होंगे। एक बार फिर, मैं गाजा में बंधकों की तत्काल रिहाई के लिए अपना आह्वान दोहराता हूं।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### सभी संसाधनों को बेचा



मोदी सरकार के तहत, अमीर और गरीब के बीच का अंतर 100 साल के उच्चतम स्तर पर है। 10 सालों में मोदीजी ने सिर्फ अपने करीबी दोस्तों के लिए ही काम किया है। हवाई अड्डों, बंदरगाहों, कोयला खदानों सहित सभी संसाधनों को पूंजीपतियों को औने-पौने दामों पर बेच दिया है।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### सूरत तो झांकी है



सूरत तो झांकी है, पूरा देश बाक़ी है। अभी सूरत में चुनाव ख़त्म हुआ है अब पूरे देश में चुनाव ख़त्म होगा। मोदी जी आरक्षण ख़त्म करेंगे। भाजपा, भीमराव जी का नही भागवत का संविधान मानती है।

-संजय सिंह, आप नेता

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर

फोन: 401050,271016,फैक्स-271018

ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com


वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर
बुधवार, 24 अप्रैल 2024
बैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
वर्ष : 24, अंक : 31
पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 4.00***

**मौसम**
अधि. 38.4
न्यून. 22.3

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 आईपीएल : एक पारी के दौरान पावरप्ले में ...

विचार पेज
तेज ग्रोथ के लिए अनुकूलन जरूरी

# आज थमेगा दूसरे चरण का प्रचार, छग के तीन लोकसभा क्षेत्रों में 22 हजार सुरक्षा कर्मी तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होना है, इन सभी जगहों पर प्रचार बुधवार को शाम पांच बजे थम जाएगा। छत्तीसगढ़ के तीन लोकसभा क्षेत्रों में होने वाले चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने तैयारी पूरी कर ली है। इन लोकसभा क्षेत्रों में कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद लोकसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मतदान कराने 222 सुरक्षा बल कंपनियों को लगाया गया है। चुनाव में एसटीएफ, डीआरजी, सीआरपीएफ, आईटीबीपी ▶▶|शेष पेज 5 पर

**अलग खबर**

### 88 मतदान केंद्रों में हेलीकाप्टर से रवाना होंगे

दूसरे चरण के लिए कांकेर लोकसभा के 9 मतदान केंद्र के 76 मतदान कर्मी एवं महासमुंद लोकसभा के गरियाबंद जिले के 2 मतदान केंद्रों के 12 मतदान कर्मियों को बुधवार को हेलीकाप्टर के माध्यम से मतदान केंद्रों में भेजा जाएगा। यहां पर सुरक्षा बलों को पहले ही तैनात किया जा चुका है। इन तीन लोकसभा क्षेत्रों में महासमुंद के बिंद्रानवागढ़ के 9 मतदान केंद्र, कांकेर के नक्सल प्रभावित क्षेत्र अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर और केशकाल विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक होगा। शेष मतदान केंद्रों में सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान का समय तय किया गया है।

### 88 मतदान केंद्रों में दो दिन पहले पहुंचेगा मतदान दल



### साढ़े 9 हजार से अधिक डाक मतपत्र

चार लोकसभा में कुल 9706 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदाताओं द्वारा सुविधा केंद्रों के माध्यम से, सेवा मतदाता, 85 प्लस आयु वर्ग, पीडब्ल्यूडी श्रेणी और अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाता के डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं। बस्तर में कुल 2654 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। राजनांदगांव लोकसभा में 625, महासमुंद लोकसभा के लिए 3238, कांकेर लोकसभा से 3189 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं।

### 13 राज्यों की 89 सीटों पर 26 को मतदान

लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण के लिए 13 राज्यों में 89 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। इन राज्यों में छत्तीसगढ़, असम, बिहार, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर है। असम की 5 लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल 2024 को वोटिंग होगी, जिनमें करीमगंज, सिलचर, मंगलदोई, नवगोंग, कलियाबोर शामिल हैं। बिहार की 5 लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण में मतदान होगा, जिनमें किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर, बांका शामिल हैं। जम्मू एवं कश्मीर की 1 जम्मू लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को दूसरे चरण में वोट डाले जाएंगे। कर्नाटक की 14 लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण में वोटिंग होंगी, जिनमें उडुपी चिकमंगलूर, ▶▶|शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### '10-डेज एमबीए' पर यूजीसी का अलर्ट



**नई दिल्ली।** यूजीसी ने मान्यता प्राप्त डिग्री नामों के समान संक्षिप्ताक्षर वाले फर्जी ऑनलाइन कार्यक्रमों के खिलाफ जनता को चेतावनी दी है। '10-डेज एमबीए' पाठ्यक्रम का उल्लेख करते हुए यह बात कही। यूजीसी के सचिव मनीष जोशी ने कहा, कुछ व्यक्ति या संगठन पाठ्यक्रम पेश कर रहे हैं।

### दुबई में हवाई अड्डे का परिचालन बहाल



**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डा दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का परिचालन बहाल हो गया है। यह पूरी क्षमता के साथ काम कर रहा है। यूएई में एक सप्ताह पहले भारी बारिश और बाढ़ से हवाई अड्डे पर परिचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ था।

### दो सैन्य हेलीकॉप्टर टकराए, 10 की मौत



**कुआलालंपुर।** मलेशियाई नौसेना ने कहा कि एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान दो सैन्य हेलीकॉप्टर आपस में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इससे उनमें सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना उस समय हुई जब हेलीकॉप्टर नौसेना की 90वीं वर्षगांठ के जश्न की तैयारी के लिए उत्तरी पेराक राज्य में एक नौसैनिक अड्डे पर प्रशिक्षण में हिस्सा ले रहे थे।

### पुलिस जीप पर पलटा ट्राला, 3 जवानों की मौत



**जयपुर।** रोडी से भरा एक ट्राला (भारी वाहन) अनियंत्रित होकर पुलिस जीप पर पलट गया। इसमें तीन पुलिसकर्मियों की दबकर मौत हो गई। हादसा रामपुरा घाटी के निकट उस समय हुआ, जब हनुमान मंदिर के दर्शन कर लौट रहे पुलिसकर्मियों की जीप पर रोडी से भरा अनियंत्रित ट्राला पलट गया।

### बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण



**बालासोर।** भारत ने मंगलवार को यहां मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल के एक नए संस्करण का सफल परीक्षण किया। रक्षा सूत्रों ने कहा कि परीक्षण ने कमान की अभियानगत क्षमता को साबित किया है। नई प्रौद्योगिकियों को मान्य बनाया है। सूत्रों ने बताया कि मिसाइल का परीक्षण ओडिशा अपतटीय क्षेत्र में अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया।

### मुर्शिदाबाद जिले में 13 और 14 अप्रैल को शोभायात्रा निकालने के बाद हुआ था संघर्ष

# रामनवमी पर हिंसा, भड़का कोलकाता हाईकोर्ट, कहा- हम चुनाव नहीं होने देंगे

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट की पीठ ने कहा, अगर लोग शांति और सद्भाव से नहीं रह सकते, तो हम कहेंगे कि चुनाव आयोग इन जिलों में संसदीय चुनाव नहीं कराए। यही एकमात्र तरीका है। पीठ ने आगे कहा, आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद, अगर दो समूह के लोग इस तरह लड़ रहे हैं, तो वे किसी भी निर्वाचित प्रतिनिधि के लायक नहीं हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, अदालत ने कहा कि रामनवमी पर कोलकाता में भी इसी तरह के जुलूस निकले थे, लेकिन वहां हिंसा की कोई खबर नहीं आई। उन्होंने कहा, कोलकाता में भी 23 जगहों पर जश्न मनाया गया लेकिन कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। अगर एमसीसी (आदर्श आचार संहिता) लागू होने पर ऐसा होता है, तो राज्य पुलिस क्या करती है? केंद्रीय बल क्या कर रहे हैं? दोनों झड़पों को रोक नहीं सके। पीठ ने राज्य के वकील से पूछा कि हिंसा से संबंधित मामलों में कितने लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस पर राज्य के वकील ने अदालत को सूचित किया कि सीआईडी ने अब जांच अपने हाथ में ले ली है।

*कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को चेतावनी देते हुए कहा कि वह पश्चिम बंगाल के उन लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की अनुमति नहीं देगा जहां रामनवमी समारोह के दौरान सांप्रदायिक हिंसा हुई थी। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणम की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह बात कही। कोर्ट की यह टिप्पणी 17 अप्रैल को रामनवमी जुलूस के दौरान मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा पर सुनवाई के दौरान आई।*

## कोर्ट चुनाव आयोग को भेजेगा बहरामपुर सीट के लिए प्रस्ताव



### दो थाना प्रभारियों को किया था सस्पेंड

इससे पहले, निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में रामनवमी के जुलूस के दौरान हुई हिंसा को रोकने में कथित तौर असफल रहने पर दो पुलिस थानों के प्रभारियों को निलंबित कर दिया। निर्वाचन आयोग के अनुसार, शक्तिपुर और बेलडांगा पुलिस थानों के प्रभारी निर्देशों के बावजूद 'धार्मिक हिंसा' को रोकने में विफल रहे।

### रामनवमी पर दो इलाकों में हुई थी हिंसा

पश्चिम बंगाल में रामनवमी के अवसर पर दो जगह हिंसा हुई थी। मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा शहर में शोभायात्रा निकालने के बाद दो समुदायों के बीच संघर्ष हुआ। इस बीच बम फटने की भी सूचना मिली। वहीं, मेदिनीपुर के इगरा में भी दो समुदाय के बीच झड़प हुई और आगजनी की गई। हिंसा में अब तक 18 लोगों के घायल होने की खबर मिली थी। इसमें दो नाबालिग, एक महिला और कुछ पुलिस कर्मी भी शामिल हैं।

### कोर्ट की तल्ख टिप्पणी


सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस टीएस शिवगणम ने कहा कि अगर लोग 8 घंटे के लिए भी कोई त्योहार शांति से नहीं मना सकते तो हम इलेक्शन कमीशन से रिक्वेस्ट करते हैं कि ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव न कराएं जाएं। आचार संहिता लागू हो जाने के बाद भी, दो समुदायों के लोग आपस में लड़ रहे हैं। इन्हें अपना प्रतिनिधि चुनने के लिए वोट देने का कोई अधिकार नहीं है।

### चुनाव आयोग को देगा प्रस्ताव

हालांकि हाईकोर्ट ने किसी भी सीट पर चुनाव स्थगित करने पर कोई आदेश जारी नहीं किया, लेकिन उसने कहा कि वह चुनाव आयोग को प्रस्ताव देगा कि बरहामपुर में चुनाव स्थगित कर दिया जाना चाहिए, जो मुर्शिदाबाद के अंतर्गत आता है। उच्च न्यायालय ने राज्य पुलिस को सांप्रदायिक झड़पों पर एक रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया। अगली सुनवाई शुक्रवार 26 अप्रैल को होगी।

### तीन मैगजीन, 13 गोलियां बरामद

# सलमान के घर पर गोलीबारी नदी से मिली दो पिस्तौल



एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी में कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए हथियारों की बरामदगी के लिए एक तलाशी अभियान के दौरान गुजरात में तापी नदी से दो पिस्तौल, मैगजीन और गोलियां बरामद की हैं। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सोमवार को शुरू हुई तलाशी के दौरान अपराध शाखा ने दो पिस्तौल, तीन मैगजीन और 13 गोलियां बरामद की हैं। 'एनकाउंटर स्पेशलिस्ट' वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर दया नायक समेत 12 अधिकारियों की टीम मौके पर हैं।

### सूरत से मुंबई पहुंचे थे आरोपी

सूत्रों के मुताबिक, दोनों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि गोलीबारी की घटना के बाद जब वे मुंबई से सड़क मार्ग से सूरत पहुंचने के बाद ट्रेन से भुज की ओर भाग रहे थे, तब उन्होंने हथियार एक रेलवे पुल से तापी नदी में फेंक दिए थे।

### 'आतंक' पैदा करने की कोशिश

पुलिस ने कहा था कि प्रथम दृष्टया, खान के आवास के बाहर गोलीबारी के पीछे दोनों का मुख्य उद्देश्य 'आतंक' पैदा करना था। मुंबई पुलिस ने घटना के सिलसिले में जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके छोटे भाई अनमोल बिश्नोई को 'वांछित आरोपी' घोषित किया है। पुलिस ने कहा कि गुप्ता और पाल को कथित तौर पर दोनों बिश्नोई भाइयों से निर्देश मिल रहे थे। एक अधिकारी ने पहले कहा था कि लॉरेंस बिश्नोई एक अन्य मामले में गुजरात की साबरमती केंद्रीय जेल में बंद है, लेकिन माना जाता है कि उसका भाई कनाडा या अमेरिका में है।

## सीएम हाउस में हनुमान जयंती...

**मुख्यमंत्री ने सहपरिवार की पूजा-अर्चना**

**पवनपुत्र से प्रदेश की खुशहाली के लिए की कामना**



**रायपुर।** वर्षों बाद मंगलवार को हनुमान जयंती पड़ी है। इसके चलते श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। मुख्यमंत्री निवास पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सपरिवार पूजा में शामिल होकर पवनपुत्र से प्रदेश की खुशहाली और लोककल्याण की कामना की। सीएम हाउस में बाकायदा विप्रजनों द्वारा विधि-विधान से हनुमान जी पूजा कराई गई।

### कोर्ट से नहीं मिली राहत

# केजरीवाल और कविता को झटका, 7 तक रिमांड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है। केजरीवाल के साथ ही राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत भी 7 मई तक बढ़ा दी है।

### जेल में पहली बार दी गई इंसुलिन

तिहाड़ जेल में अरविंद केजरीवाल का शुगर लेवल एक बार फिर हाई हो गया है, जिसके बाद उन्हें पहली बार इंसुलिन दी गई है। केजरीवाल लंबे समय से डायबिटीज के मरीज हैं। एम्स के डॉक्टरों की सलाह पर केजरीवाल को सोमवार शाम को कम 'डोज' वाली इंसुलिन की दो यूनिट दी गईं।

### 12 साल तक के बच्चों के हवाई सफर को लेकर बदल गया नियम

# विमान में माता-पिता के साथ होगी बच्चे की सीट !

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विमान में 12 साल तक के बच्चों की सीट अब अनिवार्य रूप से माता-पिता के साथ होगी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मंगलवार को इस संबंध में सभी एयरलाइन को निर्देश जारी किया।

डीजीसीए ने कहा कि सभी एयरलाइन सुनिश्चित करे कि 12 वर्ष तक के बच्चों को एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे उनके माता-पिता या अभिभावकों में एक के साथ सीट आवंटित की जाए। साथ ही इसका रिकॉर्ड भी रखा जाए। बीते दिनों ऐसे कई मामले सामने आए थे।

### बच्चों की सुरक्षा पर बड़ा फैसला

डीजीसीए की ओर से ये बड़ा फैसला हवाई सफर के दौरान बच्चों की सेफ्टी को ध्यान में रखकर लिया गया है। अपने सर्कुलर में रेग्युलेटर ने कहा कि अब से सभी एयरलाइंस को यह सुनिश्चित करना होगा कि 12 साल तक की उम्र के बच्चों को उनके माता-पिता/अभिभावकों में से कम से कम एक के साथ वाली सीटें आवंटित की जानी चाहिए, जो कि एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे हों। इसके साथ ही इसका पूरा रिकॉर्ड भी रखा जाएगा।



**ऐसी शर्तें**

डीजीसीए के मुताबिक, एयरलाइंस बच्चे की सीट के लिए अभिभावक पर दबाव नहीं डाल सकती हैं। अगर अभिभावक ने अपने लिए फ्री सीट या ऑटो एलोकेशन का ऑप्शन चुना है, तो बगल की सीट बच्चे के लिए आरेंज करनी होगी।

### इन सुविधाओं के लिए वसूल सकती हैं चार्ज


एयरलाइंस को जीरो बैगेज, पसंदीदा सीट शेयरिंग, मील, ड्रिंक और संगीत वाद्ययंत्र ले जाने की भी अनुमति दे दी है। हालांकि, सर्कुलर में डीजीसीए ने स्पष्ट किया है कि ये सभी सुविधाएं ऑप्ट इन हैं यानी ये अनिवार्य नहीं हैं। इसमें ऑटो सीट की सुविधा भी शामिल की गई है, जिसमें एयरलाइन अपने आप ही यात्री सीट दे देती है और ऐसे यात्री जिन्होंने वेब चेक इन के दौरान सीट नहीं ली होगी, उन्हें ऑटोमेटिक सीट आवंटित कर दी जाएगी।




लोक साहित्य

डा. व्यास नारायण दुबे

# छत्तीसगढ़ी की उपभाषा है कलंगा



कलंगा को छत्तीसगढ़ी की एक उपभाषा मानी जाती है जो उड़ीसा प्रदेश के पश्चिमी भाग एवं छत्तीसगढ़ के पूर्वी सीमा प्रदेशों में बोली जाती है। वस्तुतः कलंगा भाषिक रुप का व्यवहार क्षेत्र उड़िया में ही स्थित है। यह भाषिक रुप भी उड़िया लिपि में ही लिखी जाती है। इसी कारण इसे उड़िया की उप भाषा समझा जाता रहा है, किंतु जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन के अनुसार कलंगा एक स्वतंत्र बोली कहलाने की क्षमता नहीं रखती, क्योंकि यह अशिक्षित व्यक्तियों द्वारा बोली जाने वाली मात्र विकृत रूप है। कलंगा के व्याकरणिक रूपों के आधार पर सर्वप्रथम ग्रियर्सन ने ही इसे छत्तीसगढ़ी की एक उप भाषा स्वीकार किया है।

सुरता

श्रीमती किरण राठौर

# डा. शंकर शेष का रचना संसार



छत्तीसगढ़ के साहित्यकारों में डा. शंकर शेष का भी काफी योगदान रहा है। आपका जन्म 2 अक्टूबर 1933 को बिलासपुर जिले के जूना में हुआ था। डा. शंकर शेष की रचनाओं ने जीवन, समाज और मानव चरित्र की विभिन्न पहलुओं को अपनी लेखनी से मूर्त किया है। स्वाधीनता के पश्चात सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक पृष्टभूमि को बिखेरने में डा. शंकर शेष ने अदभुत प्रतिभा का परिचय दिया। आपने 1955 से लेकर 1981 तक की साहित्य सरिता की यात्रा में बाईस नाटक, सात एकांकी, दो बाल नाटक, चार अनुदित नाटक, चार उपन्यास, तीन शोध प्रबंध, दो पट कथा एवं संवाद लेखन द्वारा साहित्य के विकास में अहम योगदान दिया। कभी रंगमंच तो कभी आकाशवाणी या दूरदर्शन और मंचन आदि के माध्यम से नाटक को ऊंचाई देने में आपने कोई कमी नहीं की। अड़तालीस वर्ष की अल्पायु में 24 अक्टूबर 1981 को आपका निधन हो गया।

## पुस्तक समीक्षा

# युग युगीन छत्तीसगढ़



कृति के नाव
युग युगीन छत्तीसगढ़

लेखक
डा. सुशील त्रिवेदी

प्रकाशक
वैभव प्रकाशन रायपुर

पुस्तक समीक्षा
डा. डी पी देशमुख

मूल्य
दो सौ पचास रुपए


छत्तीसगढ़ अंचल हा कोनो किसम ले कमी के अहसास नी कराय। लोक कला, साहित्य, पर्यटन, तीज तिहार सबो ह समृद्ध हे, येहा ये मेर किताब ' युग युगीन छत्तीसगढ़ ' ले प्रमाणित हो जथे। ए किताब में छत्तीसगढ़ के नामकरण, इहा के संस्कृति, शिल्प कला, साहित्य सर्जना, इतिहास, जन जातीय परंपरा अऊ पुरातत्व ले संबंधित जानकारी हावय। ए किताब हा हमर नवा पीढ़ी के अच्छा मार्गदर्शन करही।



**रामायण के रचना काल में मध्यप्रदेश में मनुष्यों की बस्ती आरंभ हो गई थी और महाभारत के युद्ध के समय महाकोसल राज्य स्थापित हो गया था। पांच पांडवों में से अर्जुन का पुत्र बभ्रुवाहन चित्रांगदपुर में राज्य करता था।**

# पांडवों का संबंध रहा महाकोसल में


ऐतिहासिक : मावली प्रसाद श्रीवास्तव



मध्यप्रदेश का पूर्वी हिस्सा छत्तीसगढ़ कहलाता है। प्राचीन समय में इसे महाकोशल अथवा दक्षिण कोसल कहते थे। महानदी के किनारे राजिम के उत्तर पूर्व की ओर उजड़ा सा गांव सिरपुर महाकोसल की राजधानी थी। रामायण के रचना काल में मध्यप्रदेश में मनुष्यों की बस्ती आरंभ हो गई थी और महाभारत के युद्ध के समय महाकोसल राज्य स्थापित हो गया था। पांच पांडवों में से अर्जुन का पुत्र बभ्रुवाहन चित्रांगदपुर में राज्य करता था। इतिहासकारों ने यह सिद्ध किया कि सिरपुर का ही दूसरा नाम चित्रांगदपुर था। सिरपुर से मिले अभिलेखों से पता चलता है कि बभ्रुवाहन वंशज चौथी शताब्दी में यहां राज करते थे। इससे स्पष्ट हो जाता है कि यहां के राजा पांडव थे। पता चलता है कि इस वंश के पहले राजा का नाम इंद्रबल था। सिरपुर के गंधेश्वर मंदिर की दीवार में लेख के अनुसार वंशजों के क्रम में पहले इंद्राबल( 319 ई. )इसके बाद नंददेव, चंद्रगुप्त, हर्षगुप्त, शिवगुप्त, भावगुप्त और अंत में शिवगुप्त (475 ई.) का नाम है।



# घने जंगलों के बीच अनोखा है बिहारपुर जलप्रपात



पर्यटन : विनोद कुमार पांडेय


छत्तीसगढ़ के कोरिया अंचल में बैकुंठपुर -कठौतिया चौक से बिहारपुर -जनकपुर मार्ग पर ग्राम बिहारपुर मुख्य मार्ग से 2 कि मी अंदर ऊबड़ खाबड़ रास्ते से होते हुए हसदेव नदी के छोटे से पुल को पार करते हुए बिहारपुर जलप्रपात पहुंचा जाता है। यह बिहारपुर ग्राम में होने के कारण बिहारपुर जलप्रपात कहलाता है। घने जंगलों के बीच होने के कारण जंगली जानवरों को कभी कभी विचरण करते देखा जा सकता है। नदी का पानी 20 -25 फीट ऊंचाई से गिरने के कारण विहंगम प्रपात सा दिखाई देता है। यहां पिकनिक मनाने दूर दूर से वर्ष भर पहुंचते रहते हैं।



कलाकृति

नर्मदा प्रसाद ताम्रकार

# अलग पहचान है धमधा के शिल्प कला की



दुर्ग जिले का धमधा कभी धमधागढ़ हुआ करता था। यहां हैहयवंशीय राजाओं के शासन काल में बनी इमारतें आज खंडहर का रूप ले चुकी हैं। छत्तीसगढ़ ही नहीं वरन समूचे भारत में धमधा के कारीगरों की बनाई गई धातु की मूर्तियां एवं कांसे से बने कलात्मक पात्र की बहुत प्रसिद्धि थी। कांसे के बर्तन और मूर्तियां बनाने का कार्य यहां ताम्रकार परिवार के लोग ही करते थे। यह ताम्रकार कांसे के अलावा तांबा और पीतल के बर्तन भी बनाते हैं। पहले यहां ताम्रकारों की संख्या डेढ़ हजार थी, जो अब घट कर डेढ़ सौ हो गई है। मूलतः इनके पूर्वज सिक्कों की ढलाई का काम करते थे। सिक्कों की ढलाई के अलावा राज प्रसाद के लिए उत्तम कलाकृति युक्त सजावटी मूर्तियों या पात्र या अन्य उपयोगी बर्तनों का निर्माण भी करते थे। 1956 से लेकर 1960 तक यहां के कारीगरों द्वारा निर्मित कांसे के गहने अंतर्राष्ट्रीय बाजार में स्थान पाने लगे थे। इनके बनाए गए उत्पाद की मांग देश भर में होती रही है। यहां कच्चा माल विदेशों से आयात किए जाते थे। इसमें शासन द्वारा निर्धारित दर में इन्हें वस्तुएं प्राप्त हो जाती थी, इस कारण बड़े उत्साह के साथ कारीगर काम कर मुनाफा कमाते थे, लेकिन धीरे धीरे इस व्यवस्था को बंद कर देने से इस उद्योग पर संकट गहराने लगा।इस तरह वर्तमान में कच्चे माल की कमी, ढुलाई खर्च महंगा तथा वस्तु महंगे होने के कारण इनका कार्य सिमटता जा रहा है।

लोक नाट्य

डा. देवेश दत्त मिश्रा

# छत्तीसगढ़ में लोक नाट्य परंपरा

**छत्तीसगढ़ में लोक नाट्य परंपरा की शुरुआत कब हुई, इसका उल्लेख कहीं नहीं मिलता। विद्वानों की राय में ' लोक नाट्य का प्रारंभ ठीक उसी तरह है जैसे गंगा का हिमालय से निकलना।' अनुमान लगाया जाता है कि जिस दिन मनुष्य ने अनुकरण करना सीखा, बोली का प्रस्फुटन हुआ तभी से लोक नाट्य का प्रारंभ हुआ।**

पहले समाचार पत्र नहीं होने तथा पढ़े लिखे लोग कम होने के कारण उचित दस्तावेजीकरण नहीं हो पाया। लेकिन लोक नाट्य की अभिरुचि ने लोगों को मनोरंजन का और आनंद का अवसर प्रदान किया लोक नाट्य की दो धाराएं होती हैं एक धार्मिक और दूसरा लौकिक। प. सुंदरलाल शर्मा ने बीसवीं सदी के प्रथम दशक में सीता प्रणय और प्रहलाद चरित्र सहित पांच धार्मिक नाटकों की रचना की थी। इससे स्पष्ट होता है कि उस समय नाटकों की परंपरा रही है। यह भी स्पष्ट है कि उससे भी पहले लोक नाट्य छत्तीसगढ़ में विद्यमान थे। यदि सरगुजा के सीता बेंगरा और जोगीमारा की गुफाओं में रामगढ़ में निर्मित रंगशाला, यहां के निवासियों का रुझान नाटक की ओर प्रदर्शित करता है तो निश्चय है कि उससे तीसरी सदी के पूर्व यहां लोक नाट्यों में लोगों का रुझान रहा होगा। अर्थात छत्तीसगढ़ में लोक नाट्यों की प्राचीन परंपरा ईसा पूर्व से रही है।









360 View Camera | Head Up Display | 22.86cm SmartPlay Pro+ | 6 Airbags^ | In-built Suzuki Connect

NEXA Safety Shield
Standard Across All Variants

- SUZUKI-TECT BODY
- DUAL FRONT AIRBAGS
- ESP
- SEAT BELT PRE-TENSIONERS WITH FORCE LIMITERS
- ISOFIX CHILD SEAT ANCHORAGES
- PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
- COMPLIANT WITH -
  - FULL FRONTAL IMPACT
  - FRONTAL OFFSET IMPACT
  - SIDE IMPACT

Feature and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.

**BENEFITS UP TO ₹ 48 000***

Know more about The New Age Baleno | Scan to chat on WhatsApp

**BILASPUR: NEXA AUTOPARK** (SATYA AUTO PVT. LTD. PH: 7089888884), **RAIGARH: NEXA KOTRA ROAD** (M SQUARE MOTORS PH: 6269002140), **AMBIKAPUR: NEXA MG ROAD AMBIKAPUR** (MAHAMAYA AUTOCARS PVT. LTD. PH: 7987898802), **KORBA: NEXA KORBA CENTRAL** (SATYA AUTO PVT. LTD. PH: 9109134140).
Contact us at **1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA]** and **visit www.nexaexperience.com** to book online.

*T&C apply. Offers may vary subject to the model and variant purchased. All offers are applicable till 30th April'24 or till stocks last. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Creative Visualization. ^For details on functioning of safety features including airbags, kindly refer to the owner's manual.

# पीएम मोदी के निज सचिव हार्दिक सहित 30 अफसरों की टीम पहुंची

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निज सचिव हार्दिक शाह सहित साथ 30 अफसरों की टीम रायपुर पहुंची गई है। हार्दिक 2010 बैच के गुजरात कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। वे पहले पीएमओ में उप सचिव थे। 2019 में उन्हें प्रधानमंत्री का निज सचिव पदस्थ किया गया। उससे पहले वे केंद्रीय मंत्री अनिल दवे और प्रकाश जावडेक़र के पीएस रह चुके हैं। उनके साथ करीब 30 अफसरों की टीम छत्तीसगढ़ आई है। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री के दौरे में पीएस साथ चलते हैं, साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय की एक बड़ी टीम भी साथ चलती है, जिनमें सुरक्षा अधिकारी, डॉक्टर, कार्यालय सहायक, फोटोग्राफर भी शामिल हैं। टीम में एसपीजी अलग से रहती है। छत्तीसगढ़ के राजभवन में वीवीआईपी सुइट के साथ 10 कमरे हैं। इन कमरों में पीएम मोदी के पीएस समेत सीनियर अफसरों को रुकवाया गया है। शेष सर्किट हाउस में ठहरे हैं। प्रधानमंत्री कहीं भी दौरे पर होते हैं, उनके साथ चलता-फिरता प्रधानमंत्री कार्यालय होता है। जहां रुकते हैं वहां और सभा स्थल के पास भी। सभा स्थल पर मंच के ठीक पीछे पंडाल बनाया जाता है, जो सीधे हॉट लाइन से पीएमओ से जुड़ा होता है। प्रधानमंत्री अगर किसी विदेशी नेता या राष्ट्र प्रमुख से बात करना चाहें या उधर से कोई फोन आए तो प्रधानमंत्री से बात करने के लिए इंटरनेशनल कॉल की सुविधा कार्यक्रम स्थल पर उपलब्ध होती है, इसके लिए एक्सक्लूजिव लीज लाइन खींची जाती है। एनआईसी और

## पीएम के लिए स्पेशल लीज लाइन



बीएसएनएल के एक्सपर्ट अधिकारियों की ड्यूटी इसमें लगाई जाती है, ताकि प्रधानमंत्री को कहीं बात करनी हो, तो तुरंत उन्हें कनेक्ट किया जा सके। पीएमओ से इस अस्थाई पीएमओ में लगातार प्वाइंट आते रहते हैं। पीएमओ से सारे निर्देश अस्थायी पीएमओ में अफसरों को मिलते रहते हैं। पहले प्रधानमंत्री निवास का खानसामा भी मीनू के साथ आता था, मगर नरेंद्र मोदी ने इसे बंद करा दिया है। मीनू जरूर पीएमओ से आता है, मगर उनका खाना इतना सादा और साधारण होता है कि उसके लिए खानसामा की जरूरत नहीं पड़ती। रोटी, दाल, चावल, सब्जी और छाछ कोई भी खानसामा बना देता है। रायपुर राजभवन का खानसामा ही प्रधानमंत्री का भोजन बना रहा है। पीएमओ की टीम खाने की जांच अवश्य करती

# सोने-चांदी की कीमत अब रिवर्स गियर में



हरिभूमि न्यूज : रायपुर

सोने और चांदी की कीमत का आसमान से अब जमीन पर आने का क्रम प्रारंभ हो गया है। सोना इस सप्ताह के पहले दो दिनों में 1550 रुपए प्रति 10 ग्राम एवं चांदी 2300 प्रति किलोग्राम कम हुई है। अब कीमत के आगे कम ज्यादा होते रहने की संभावना है। पिछले एक माह से कीमत में लगातार इजाफा हो रहा था, लेकिन अब इस पर फिलहाल ब्रेक लग गया है।

बीते सप्ताह शनिवार को जब बाजार बंद हुआ था तब सोने की कीमत 75800 रुपए जीएसटी के साथ थी, जो अब मंगलवार को कम होकर 74250 रुपए हो गई है। इसी तरह से चांदी की कीमत शनिवार को 85400 रुपए किलो थी, जो अब 83100 रुपए हो गई है। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने बताया, भाव कम होने का कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनिश्चितता का जो वातावरण है, उसका कम होना है। इसराइल-इराक का तनाव भी कम हो रहा है। सबसे बड़ी बात अमेरिकी फेडरल बैंक द्वारा अगली तिमाही में ब्याज दर कम करने की घोषणा की गई थी, किंतु ब्याज दर कम होने की संभावना अब नहीं है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के भाव कम हुए हैं।

## चुनाव का वातावरण सत्ताधारी दल के पक्ष में प्रदूषित करने की आशंका- कांग्रेस

# प्रधानमंत्री के राजभवन में रुकने पर कांग्रेस ने चुनाव आयोग में की शिकायत

हरिभूमि न्यूजः रायपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ के राजभवन में रुकने पर कांग्रेस ने चुनाव आयोग में शिकायत की है। पीएम मोदी का रात्रि विश्राम राजभवन में प्रस्तावित है, इस पर कांग्रेस का कहना है कि राज्य के संवैधानिक प्रमुख राज्यपाल का निवास स्थान है। कांग्रेस ने कहा, राज्य के संवैधानिक प्रमुख के निवास पर पीएम मोदी का रात्रि विश्राम करना सीधे-सीधे पूरे राज्य के मतदाताओं को और पूरी सरकारी मशीनरी को प्रभावित करेगा। निष्पक्ष चुनाव की परिस्थितियों को दूषित करेगा। कांग्रेस ने शिकायत पत्र पर कहा है कि प्रधानमंत्री के विशेषाधिकार प्रजातंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की मूलभूत बातों से ऊपर नहीं है। यदि प्रधानमंत्री की सुरक्षा के नाम पर वे राज्य के संवैधानिक प्रमुख के शासकीय निवास राजभवन में रुकते हैं, तो इससे पूरे छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनावों की निष्पक्षता प्रभावित होगी। आखिर राज्यपाल ही तो निर्वाचन कार्य में लगी हुई पूरी कार्यपालिका के प्रमुख हैं। इससे चुनावी कार्य में लगे सारे सरकारी अधिकारी, कर्मचारियों की निष्पक्षता प्रभावित होगी और चुनाव का वातावरण सत्ताधारी दल के पक्ष में प्रदूषित किया जायेगा। निर्वाचन आयोग को शिकायत करने वालों में प्रदेश कांग्रेस वार रूम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग अध्यक्ष देवा देवांगन, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, वार रूम उपाध्यक्ष प्रवीण साहू, मीडिया कोऑर्डिनेटर परवेज अहमद, राम शंकर सोनकर उपस्थित थे।

कांग्रेस ने आरोप लगाते हुए कहा, निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित करने की भाजपा की चाल है, जिसका हम विरोध करते हैं। साथ ही मांग करते हैं कि निर्वाचन आयोग प्रधानमंत्री के रात्रि विश्राम के लिए उनकी गरिमा और उनकी सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप राजभवन की जगह किसी और उपयुक्त और विधि विधान के अनुरूप स्थान में आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए शासन को निर्देशित करे। यह निष्पक्ष चुनाव के लिए आवश्यक ही नहीं अनिवार्य भी है। निर्वाचन आयोग इस संबंध में तत्काल सर्वोच्च प्राथमिकता से निर्णय लेकर कार्यवाही करे यह निर्वाचन की निष्पक्षता के हित में होगा। कांग्रेस ने मांग की है कि पीएम नरेन्द्र मोदी के प्रवास के दौरान निर्वाचन आयोग की ओर से पीएम मोदी के विश्राम के लिए निर्धारित शासकीय परिसर में किसी भी राजनैतिक या चुनाव कार्य से जुड़े शासकीय व्यक्ति से प्रधानमंत्री मुलाकात न करें, इसे भी निर्वाचन आयोग को सुनिश्चित करना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी के प्रवास और रात्रि विश्राम का दुरुपयोग निष्पक्ष निर्वाचन को प्रभावित करने के लिए न किया जाए।

### आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन

कांग्रेस का कहना कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता है और वे राज्य के संवैधानिक प्रमुख के निवास पर रुकते हैं, तो इससे पूरे राज्य के चुनावों की निष्पक्षता प्रभावित होगी। यदि ऐसा होता है, तो राज्य से भाजपा के एक भी लोकसभा सदस्य के निर्वाचित होने की स्थिति में मैं उसके निर्वाचन को चुनौती देने और न्यायहित में अदालत की शरण में जाने का अपना अधिकार सुरक्षित रखता हूं।

# सुरक्षा में चाकचौबंद रही व्यवस्था, काफिले को जाम से बचाने कुछ मिनटों पहले बंद किए गए मार्ग

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के प्रचार के लिए छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार शाम को राजधानी रायपुर पहुंचे। उनके आगमन को लेकर शहर में पहले ही उनकी सुरक्षा के मद्देनजर सारी तैयारियां कर ली गई थीं। प्रधानमंत्री के काफिला के लिए एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक जगह-जगह पुलिस अधिकारियों से लेकर जवानों व ट्रैफिक पुलिस को तैनात किया गया था।

इस तैयारी के कारण प्रधानमंत्री के रायपुर आगमन के दौरान शहर में जाम की स्थिति भी निर्मित नहीं हुई। प्रधानमंत्री का काफिला एयरपोर्ट से निकलने के कुछ मिनटों पहले मुख्य मार्गों को बंद किया गया, जिसके कारण लोगों को भी जाम में ज्यादा देर तक फंसना नहीं पड़ा। डीएसपी ट्रैफिक गुरजीत सिंह ने बताया कि काफिला के कारण कहीं भी 15 मिनट से ज्यादा जाम की स्थिति नहीं बनी, क्योंकि सारी तैयारी पहले से कर ली गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने प्रवास के दौरान एयरपोर्ट से सीधे राजभवन पहुंचे। वे रात्रि विश्राम यहीं करेंगे। दूसरे दिन बुधवार को सुबह 10 बजे उनका काफिला एयरपोर्ट के लिए रवाना होगा।

### पीएमओ से आया खाने का मेनू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दस साल में पहली बार रायपुर में रात्रि विश्राम करने राजभवन में रुके हैं। मंगलवार को पहले सक्ती और फिर धमतरी में आमसभा हुई। धमतरी की सभा के बाद प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर से रायपुर पहुंचे। यहां आने के बाद वे सड़क मार्ग से विमानतल से सीधे राजभवन पहुंचे। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता होने के कारण उनका राजभवन में किसी भी तरह का स्वागत नहीं किया गया। उन्होंने राजभवन में रात को डिनर में सादा खाना खाया। उनके खाने का मीनू पीएमओ से राजभवन पहुंचा है, जिसमें बताया गया कि पीएम रात के खाने में क्या-क्या खाते हैं। पीएम बुधवार की सुबह यहां से सरगुजा जाएंगे और वहां पर सभा के बाद लौटेंगे। पीएम के साथ अफसरों की एक बड़ी टीम भी रायपुर पहुंची है। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंगलवार को छत्तीसगढ़ में दो सभाएं हुईं। इन सभाओं के बाद यह पहले से तय किया गया था कि श्री मोदी रायपुर आकर राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। यह पहला मौका है जब श्री मोदी छत्तीसगढ़ में रात गुजार रहे हैं। इसके पहले कभी अपने दस साल के कार्यकाल में वे रात को छत्तीसगढ़ में नहीं रुके हैं। राजभवन में आने के बाद श्री मोदी अपने कमरे में अकेले ही रहे।

# वेंडरों के लिए भुवनेश्वर की तर्ज पर 400 स्मार्ट कॉर्ट उपलब्ध कराएगा नगर निगम

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

शहर में नगर निगम से पंजीकृत वेंडरों को ओडिशा की भुवनेश्वर सिटी की तर्ज पर स्मार्ट कॉर्ट उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रथम चरण में 4 जगहों पर प्रस्तावित वेंडिंग जोन के लिए 400 स्मार्ट कॉर्ट दिये जाएंगे। जीरो बजट में पीपीपी मोड में यह सारा काम होगा, जिसमें नगर निगम को फूटी-कौड़ी का भी खर्च नहीं आएगा। विज्ञापन एजेंसी अपने खर्च पर यह काम कराएगी। इसके एवज में उसे वेंडिंग जोन स्थल पर विज्ञापन बोर्ड लगाकर प्रचार करने का अधिकार मिलेगा।

शहर के 4 जगहों पर भुवनेश्वर सिटी के पैटर्न पर वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे। जहां एक ही रंग के स्मार्ट कॉर्ट नजर आएंगे। ये स्मार्ट कॉर्ट निगम से पंजीकृत वेंडरों को उपलब्ध कराए जाएंगे। शुरुआत में 4 जगहों के लिए 400 स्मार्ट कॉर्ट स्ट्रीट वेंडरों के लिए होंगे। ये वेंडिंग जोन गांधी उद्यान के समीप, पुजारी पार्क के पास, जब्बार नाला के पास, पाम ब्लाजियो के नजदीक और बूढ़ापारा धरनास्थल की खाली जगह पर बनाए जाएंगे। जहां वेंडिंग जोन के साथ सीटिंग जोन बनाए जाएंगे। इसमें वाई-फाई और चार्जिंग पाइंट की सुविधा लोगों को मिलेगी। वेंडिंग जोन क्षेत्र को जगमगाने के लिए सोलर लाइट का इस्तेमाल किया जाएगा।

**पंजीकृत वेंडरों को देंगे**

शहरी आजीविका मिशन की प्रभारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि 4 जगहों पर शुरुआत में पीपीपी मोड पर स्मार्ट वेंडिंग कॉर्ट लगाए जाएंगे। ये चलित गुमटियां सुव्यवस्थित रूप से आसपास के पंजीकृत वेंडरों को ही दी जाएंगी।

# लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 15 प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 7 सीटों पर 15 प्रत्याशियों पर विभिन्न थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें कांग्रेस से देवेंद्र यादव, राजेंद्र साहू और विकास उपाध्याय, भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल पर भी मामला दर्ज है। अन्य 11 निर्दलियों पर भी मामला दर्ज है। इनमें रायपुर के एक निर्दलीय प्रत्याशी पर टैक्स चोरी का मामला था टिकरापारा में दर्ज है। सात लोकसभा सीट में रायगढ़ और जांजगीर में चुनाव लड़ रहे किसी भी प्रत्याशी पर आपराधिक मामला दर्ज नहीं है।

तीसरे चरण के नामांकन के साथ प्रत्याशियों द्वारा प्रस्तुत शपथपत्र में आपराधिक प्रकरणों की जानकारी दी गई है। सरगुजा लोकसभा में 1 प्रत्याशी अरविंद कच्छप पर मामला दर्ज है जो न्यायालय में लंबित है। वहीं कोरबा में तीन प्रत्याशियों पर मामला दर्ज है। इनमें निर्दलीय प्रत्याशी रमेश दास महंत पर धारा 506 के अंतर्गत आपसी विवाद का मामला दर्ज है। वहीं दिलीप मिरी पर थाना मानिकपुर चौकी, दीपिका और रामपुर थाना में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज है। आपसी विवाद का मामला है, जो न्यायालय में लंबित है। कोरबा लोकसभा के प्रत्याशी केवल भारती गोस्वामी पर कोनी बिलासपुर और जांजगीर में 420 और चेक बाउंस का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। निर्दलीय प्रत्याशी प्रियंका पटेल पर थाना न्यू राजेंद्र नगर रायपुर में धारा 294 और 503 का मामला दर्ज है।

**कांग्रेस प्रत्याशी पर आपराधिक मामला**

दुर्ग और बिलासपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी पर आपराधिक मामला दर्ज है। बिलासपुर से प्रत्याशी देवेंद्र यादव पर 5 प्रकरण दर्ज हैं। इनमें ईओडब्ल्यू में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत और ईडी में मनी लाड्रिंग का प्रकरण दर्ज है। इसके अलावा थाना पंडरी, सिटी कोतवाली रायपुर, सिटी कोतवाली बिलासपुर में भी धारा 420, 120 बी के तहत मामला दर्ज है। बिलासपुर से चुनाव लड़ रहे संजय प्रकाश साहू पर फर्जी दास्तावेज तैयार करने का मामला बलौदा में दर्ज है। वहीं परसराम यादव पर तोरवा थाना में धारा 418, 420 के तहत मामला दर्ज है। मामला कोर्ट में लंबित है। दुर्ग लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू पर चक्काजाम किए जाने पर प्रकरण दर्ज है जो कोर्ट में लंबित है।

# शवों का वारिस खोजने में छूटा जांच टीम का पसीना, 25 दिन बाद भी हाथ खाली

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

आंबेडकर अस्पताल की मरचुरी में रखे तीन शवों की पहचान कर उनका वारिस खोजने के लिए गठित जांच कमेटी का पसीना छूटने लगा है। गठन के 25 दिन बीतने और तीन बैठके होने के बाद भी इनके हाथ अब तक कोई सबूत नहीं लग पाया है। कमेटी को जांच कर रिपोर्ट शासन को सौंपने के लिए दस दिन का वक्त तय किया गया था।

अंतिम संस्कार के इंतजार में पिछले तीन साल से रखी तीन लाशों की पहचान करने 29 मार्च को शासन की ओर से भारी-भरकम टीम का गठन किया गया था। इसमें स्वास्थ्य संचालनालय, चिकित्सा शिक्षा के साथ जिला स्तर के अफसर और डीके अस्पताल के विशेषज्ञों को शामिल किया गया था। कमेटी गठन के दौरान निर्देशित किया गया था कि दस दिन के भीतर रिपोर्ट तैयार कर शासन को प्रेषित किया जाए कि इलाज से लेकर मौत और इतना वक्त बीतने के बाद भी उनका अंतिम संस्कार क्यों नहीं हो सका। पहली बैठक के दौरान कमेटी ने अस्पतालों से दस्तावेज मांगे थे, जिसे दूसरी बैठक में भी दोहराया गया था। कमेटी की तीसरी बैठक भी हो चुकी है, मगर जांच



## तीन बैठकें हो चुकीं मगर अब तक नहीं मिला सबूत

के लिए अब तक उन्हें किसी तरह का दस्तावेज नहीं मिल पाया, इसलिए वे अब तक किसी तरह के नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। टीम में शामिल एक सदस्य का कहना है कि अस्पतालों के पास मरीजों से संबंधित किसी तरह के दस्तावेज नहीं हैं, जिसकी वजह से यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उन्हें कोविड संक्रमण के दौरान आंबेडकर अस्पताल रेफर किया गया था अथवा मृत अवस्था में मरचुरी तक लाया गया था। शव के टैग पर केवल नाम मिले थे जिसमें पता और अन्य किसी तरह का जिक्र नहीं था, इसलिए उसकी प्रामाणिकता पर भी संदेह व्यक्त किया जा रहा है।

### जांच रिपोर्ट से तय होगा अंतिम संस्कार

तीनों शवों का अंतिम संस्कार जांच कमेटी द्वारा सौंपे जाने वाली रिपोर्ट पर ही तय होगी। पहचान होने पर परिजनों की तलाश कर उनकी सहमति ली जाएगी। कोशिशों के बाद भी अगर परिजन नहीं मिलते हैं, तब जिला प्रशासन अपने स्तर पर निर्णय लेकर जर्जर अवस्था में आ चुके इन तीनों शवों का अंतिम संस्कार करेगा।

### महामारी की आपाधापी

कमेटी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि शवों का अंतिम संस्कार नहीं होने की वजह कहीं ना कहीं महामारी के दौरान कोविड से जान गंवानों वालों की संख्या अधिक होना था। जिला प्रशासन निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत शवों का क्रियाकर्म कर रहा था, इस दौरान अंतिम संस्कार के लिए भी परिजनों को प्रतीक्षा करना पड़ रहा था, माना जा रहा है कि इस आपाधापी में शव छूट गए और फिर इस पर नजर ही नहीं पड़ी।

## राशिफल

**मेष** परिवार में धार्मिक कार्यों में मन लगेगा। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे।

**वृष** आत्मविश्वास बहुत रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखने का प्रयास करें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन** वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में कोई अतिरिक्त कार्यभार मिल सकता है। कारोबार पर ध्यान दें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

**सिंह** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। भवन सुख में वृद्धि होगी। यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**कन्या** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदादी मिल सकती है। परिश्रम बहुत रहेगा।

**तुला** कार्यक्षेत्र में भी बदलाव हो सकता है। खर्च बढ़ेंगे। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। वाणी के प्रभाव से कारोबार में लाभ बढ़ सकता है।


**धनु** लाभ के अवसर मिलेंगे। धैर्यशीलता भी बनाए रखें। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। संचित धन में कमी आएगी।

**मकर** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में निवेश कर सकते हैं। पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है।

**कुंभ** खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। उच्च शिक्षा के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**मीन** वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। कारोबार के लिए विदेश यात्रा पर भी जा सकते हैं। यात्रा से धन लाभ हो सकता है।

## शब्द पहेली - 5491



**बाएँ से दाएँ**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम, संदेह-2

**शब्द पहेली -5490 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5502

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5501 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

## खबर संक्षेप

### बोरियाखुर्द में चाकूबाजी में एक की हत्या, तीन घायल

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के बोरियाखुर्द में सोमवार रात को चाकूबाजी की घटना हो गई। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई, वहीं तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। वारदात को अंजाम मोहल्ले के करीब आधा दर्जन लड़कों ने दिया है, जिनसे मृतक और उनके साथियों का विवाद हुआ था। पुलिस ने इस मामले में 5 संदेहियों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। टिकरापारा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 10:30 बजे संगम पैलेस के पास बोरियाखुर्द की है। घटना के समय मोहल्ले में रहने वाले शुभम गिरी, जयेश गिरी, रवि तोंडे, सूरज नंदे सहित अन्य लड़के हनुमान जयंती पर शोभायात्रा निकालने की तैयारी कर रहे थे। इस तैयारी के दौरान मोहल्ले की एक सड़क को बंद कर दिया था। इसी दौरान मृतक आर्यन तोमर अपने साथी शुभम चंद्राकर, समीर साहू एवं सिद्धांत निषाद के साथ पहुंचा। रास्ता बंद पाकर आर्यन और उसके साथियों ने लड़कों को रास्ता खोलने के लिए कहा। इस बात पर उनके बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने से उनके बीच हाथा-पाई हो गई। इस दौरान आवेश में आकर लड़कों ने आर्यन और उसके साथियों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में आर्यन के पेट में वार किए गए हैं, जिससे उसकी मौत हो गई, वहीं अन्य साथियों पर भी चाकू से हमला किया गया है, जिससे उन्हें भी गंभीर जख्म आए हैं।

# समर स्पेशल ट्रेन से देश के हर कोने तक पहुंचना हुआ आसान, महानगरों व छोटे शहरों तक पहुंच रही ट्रेन

हरिभूमि न्यूजः रायपुर



गर्मी की छुट्टियों में रायपुर से बिहार, उत्तरप्रदेश दिल्ली, पंजाब और मुंबई आवागमन करने वाले लोगों के लिए राहत भरी खबर है। यात्रियों की सहूलियत के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 50 से अधिक समर स्पेशल ट्रेनों को विभिन्न रूटों पर देश के प्रमुख नगरों के लिए 150 फेरों में चलाने का निर्णय लिया है। भारतीय रेलवे स्तर पर गर्मी के दिनों में 2024 में रिकार्ड समर स्पेशल ट्रेनों को 9111 फेरों में संचालित करने की योजना तैयार की गई है। 2023 की गर्मी की तुलना में यह पर्याप्त वृद्धि दर्शाता है, जहां कुल 6369 फेरों की योजना बनाई गई थी। इस वर्ष 2742 फेरों में वृद्धि की गई है। तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली जैसे राज्यों से यात्रियों की भीड़भाड़ को कम करने के लिए इन अतिरिक्त फेरों को संचालित करने की तैयारी कर ली गई है। पुरी-उधना-पुरी के मध्य 17 फेरों के लिये ग्रीष्मकालीन द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है । 08471 पुरी-उधना समर स्पेशल पुरी से दिनांक 25 अप्रैल से 27 जून 2024 तक प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को व 08472 उधना-पुरी समर स्पेशल उधना से दिनांक 26 अप्रैल से 28 जून 2024 तक प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को चलेगी। इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग एवं गोंदिया स्टेशनों में दिया गया है । 08471 पुरी-उधना समर स्पेशल पुरी से प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को 06.30 बजे रवाना होगी।

गर्मी के दिनों में पानी की अधिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए रायपुर मंडल में कुछ गैर सरकारी संगठन/ समाज सेवी संस्थाएं भी सेवा भावना से रेल यात्रियों की प्यास बुझाने में अपना सक्रिय योगदान दे रही हैं ।

## निमंत्रण पत्र छपने के बाद कैंसिल होने से लोग परेशान

# शादियों पर चुनाव की मार, बुकिंग कराए भवन-बसों को कैंसिल करा कर किया जा रहा अधिग्रहण

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

शादी के सीजन में लोकसभा चुनाव की मार देखी जा रही है। शादी के लिए कई परिवारों ने दो से चार महीने पहले भवनों और बसों की बुकिंग कराई है। चुनाव के कारण अब इन भवनों और बसों की बुकिंग कैंसिल करा कर प्रशासन अधिग्रहण करा रहा है, जिसके कारण शादियों में बाधा उत्पन्न हो रही है। शादी के कुछ दिनों पहले अचानक भवन व बस की बुकिंग कैंसिल होने से शादी वाले घरों की मुसीबतें बढ़ गई हैं। ऐसे में कई लोग कलेक्टर से इस संबंध में शिकायत करते हुए कैंसिल कराए गए भवन को वापस मांग रहे हैं। छत्तीसगढ़ में मुहूर्त के अनुसार सबसे ज्यादा शादियां गर्मी के दिनों में होती हैं। इस सीजन में भी शादियां जमकर हो रही हैं। मुहूर्त के अनुसार आगामी 25, 26 एवं 28 अप्रैल को राजधानी रायपुर में सबसे ज्यादा शादियां हैं। इसके लिए लोगों ने पहले से ही भवन और बारात के लिए बसों की बुकिंग करा ली है, लेकिन बुकिंग कराए गए भवनों को चुनाव के कारण अधिग्रहण किया जा रहा है। इन भवनों में चुनाव ड्यूटी में लगी पुलिस पार्टी और सुरक्षा बलों को ठहराया जाएगा। रायपुर लोकसभा सीट के लिए मतदान 7 मई को है, लेकिन अधिग्रहण का काम अभी से शुरू कर दिया गया है।



शहर में ऐसे कई सामुदायिक व व्यावसायिक भवन हैं, जिन्हें शादी के लिए बुकिंग कराने के बाद लोग शादी के निमंत्रण पत्र छपवाकर बांट चुके हैं। निमंत्रण पत्र में उन्हीं भवनों का पता दिया गया है, जहां शादी का समारोह होना है। ऐसे में अचानक इन भवनों की बुकिंग कैंसिल होने से लोगों को उसी मोहल्ले व इलाके में नए भवन भी नहीं मिल पा रहे हैं, जो लोगों की परेशानी की बड़ी वजह बन गई है। कलेक्टोरेट में अप्रैल के अंतिम दिनों में शादी समारोह में ध्वनि विस्तारक की अनुमति के लिए तीन दर्जन से अधिक आवेदन किए गए हैं। इसके अलावा कई जगहों पर ध्वनि विस्तारक की अनुमति के बिना भी विवाह हो रहे हैं। इनमें ऐसे कई लोग हैं जिनकी भवन बुकिंग अधिग्रहण के नाम पर कैंसिल हो चुकी है।

### जरूरत के अनुसार भवनों का अधिग्रहण

फोर्स को ठहरने के लिए भवनों का अधिग्रहण किया जा रहा है। प्राथमिकता नगर निगम के सामुदायिक भवन हैं। जरूरत पड़ने पर ही व्यावसायिक भवनों को अधिग्रहण किया जाएगा।

– **देवेंद्र पटेल**, एडीम रायपुर

# गर्मी में अंडों ने भी दिखाया ताव, खाने लगे भाव, कीमत चिल्हर में छह रुपए

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

आमतौर पर गर्मी में अंडे का भाव तीन से चार रुपए ही रहता है, लेकिन लगातार दूसरे साल थोक में जहां अंडा सवा पांच रुपए है, वहीं चिल्हर में छह रुपए हो गया है। इसके पीछे का कारण यह है कि उत्पादन कम हो गया है, क्योंकि गर्मी में अंडे जल्दी खराब हो जाते हैं। अपने राज्य में अंडों का उत्पादन भारी मात्रा में होता है। यहां सामान्य दिनों में रोज 70 लाख अंडों का उत्पादन होता है, लेकिन गर्मी में उत्पादन कम कर दिया गया है।

छत्तीसगढ़ का नाम भी ज्यादा अंडा उत्पादन करने वाले राज्यों में शामिल है। यही वजह है कि यहां से दूसरे राज्यों में रोज अंडे जाते हैं। यहां कई बड़े पोल्ट्री फार्म हैं। इनमें लाखों की संख्या में अंडों का उत्पादन रोज होता है। कोरोनाकाल में जब लॉकडाउन लगा था, तब पोल्ट्री फार्म संचालकों की हालत खस्ता हो गई थी। यहां 20 करोड़ से ज्यादा अंडों को कोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ा था। स्थिति अंडों को फेंकने की आ गई थी, लेकिन लॉकडाउन हटने के बाद राहत मिली थी। इसके बाद से लगातार अंडों का अच्छा उत्पादन हो रहा है और दूसरे राज्यों में अंडे भेजे जा रहे हैं। बीते साल दो माह का सावन पड़ने के कारण भी अंडों का कारोबार प्रभावित हुआ और बड़ी संख्या में इन्हें कोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ा था। गर्मी के कारण अंडों का उत्पादन 70 फीसदी ही हो रहा है। सामान्य दिनों रोज 70 लाख के आसपास अंडों का उत्पादन होता है। इसमें से 30 से 40 फीसदी दूसरे राज्यों में भेजे जाते हैं, लेकिन इस समय उत्पादन 50 लाख के आसपास हो रहा है। इसमें से बहुत कम अंडे दूसरे राज्यों में जा रहे हैं। पिछले साल ठंड के समय में अपने राज्य में 70 लाख में से 60 लाख अंडों की खपत हो रही थी। गर्मी के समय में अंडे की कीमत आमतौर पर थोक में साढ़े तीन से चार रुपए और चिल्हर में चार से साढ़े रुपए रहती है, लेकिन इस बार गर्मी में कीमत में बढ़ोतरी हो गई है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मोदी की गारंटी...

भव्य राम मंदिर का निर्माण करना। घर-घर स्वच्छता अभियान लाने का काम किया। डा. रमन हो या आम आदमी को उसमें अगर परिवर्तन लाने की ताकत किसी में है तो वो नरेंद्र मोदी हैं। दस साल में मोदी जी ने दिखाया है कि मोदी है तो सब मुमकिन है।

0 कांग्रेस की गारंटी को लेकर क्या सोचते हैं? राहुल गांधी, महिलाओं को साल में एक लाख देने की बात कह रहे हैं?

00 राहुल गांधी पर कभी देश की जनता ने भरोसा ही नहीं किया है। पिछले घोषणापत्र निकाल कर देखिए, गंगाजल हाथ में लेकर, गीता हाथ में लेकर जो-जो संकल्प लिए थे, उनका क्या हुआ। 500 सौ रुपए महिलाओं को प्रति माह देने की बात थी, नहीं दिया। ऐसे कई वादे किए जो पूरे नहीं हुए। इसीलिए कांग्रेस के घोषणापत्र पर जनता भरोसा नहीं करती है। आपकी दुकान तो खुलने वाली नहीं है फिर प्राइस लिस्ट क्यों टांग रहे हैं, आपकी दुकान तो बंद है पिछले 10-15 साल से। आपकी प्राइस लिस्ट पर भरोसा कौन करेगा कि आप सस्ते में अनाज दे रहे हो।

0 जब दुकान खुलनी नहीं है तो फिर कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर नरेंद्र मोदी से लेकर सब भाजपा नेता इतने हमलावर क्यों हैं?

00 ये देश में भ्रम फैला रहे हैं, उस भ्रम का निवारण और निराकरण करने का काम प्रधानमंत्री कर रहे हैं। जो तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं, जो आज घुसपैठियों को बढ़ावा देने की बात करते हैं। जिस प्रकार से देश को खंडित करने की सोच रखते हैं। इस प्रकार की विचारधारा के खिलाफ लड़ाई है। इसीलिए कठोरता के साथ जनता के सामने अपना पक्ष रखना है, ताकि देश की स्थिति अच्छी रहे। कहीं कोई डर या भय नहीं है।

0 ऐसी विचारधारा वाले कांग्रेसियों को फिर भाजपा में क्यों लिया जा रहा है?

00 देश भाजपामय हो रहा है, कांग्रेस से उपेक्षित लोग, निराश और कुंठित हैं, वहां एक व्यक्ति बैठकर तानाशाह की तरह निर्णय ले रहा है। इसके कारण भगदड़ मची हुई है। भगदड़ का कारण नरेंद्र मोदी नहीं, बल्कि खुद राहुल गांधी हैं। उनके प्रमुख लोग हैं जिसके कारण कांग्रेस में आज भगदड़ मची है। जो दल छोड़कर आ रहे हैं, उनके लिए हमारे दरवाजे खुले हैं, हम तो सबका स्वागत करते हैं।

0 राहुल गांधी कहते हैं भाजपा फिर आ गई तो अगली बार चुनाव ही नहीं होगा?

00 लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ी लड़ाई लड़ने वाली भाजपा है। ये कांग्रेस वाले किस मुंह से बात करते हैं। देश के संविधान को बंधक बनाने का काम करने वाली इंदिरा गांधी रही हैं। आपात काल लगा कर लाखों नेताओं को जेल के अंदर डाल दिया गया था। 18 माह तक इस देश का संविधान बंद रहा। वो कांग्रेस पार्टी आज बोल रही है, उनको बोलने का हक नहीं है। देश, विपक्ष और मीडिया को कुचला है, मोदी जी तो सबको खुले आम गले लगा रहे हैं।

0 छत्तीसगढ़ में अब तक 11 सीटें जीतने की भाजपा की हसरत पूरी नहीं हुई है अब तक क्या कहते हैं?

00 अब वो दिन आ गया है, चार जून को जब परिणाम आएंगे तो जो आपकी इच्छा है या मेरी इच्छा है, छत्तीसगढ़ की जनता की इच्छा है वो पूरी हो जाएगी। सभी 11 की 11 सीटें भाजपा को मिलेगी। इसी के साथ इस बार 400 पार की बात भी पूरी होगी।

0 विष्णुदेव साय वो काम कर देंगे 11 सीटें दिलाने का जो रमन सिंह 15 साल में नहीं कर पाए?

00 विष्णुदेव साय ने आते ही चमत्कार किया, जो वादा किया था, मात्र 90 दिनों के अंदर ऐसा काम किया, मैं भी सोचता हूं क्या कोई मुख्यमंत्री इतनी रफ्तार से काम कर सकता है, लेकिन विष्णुदेव साय ने यह किया। किसानों को बोनस दिया, किसानों का वादे के मुताबिक 31 सौ रुपए में 21 क्विंटल धान खरीदा, 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन में पैसे दिए, 18 लाख गरीबों के आवास को भूपेश बघेल ने रोका था, उन 18 लाख आवास को मंजूर किया। आज छत्तीसगढ़ में कोई काम रुक नहीं रहा है चारों तरफ सांय-सांय काम हो रहा है।

00 काम सांय-सांय हो रहा है तो सांसदों का टिकट क्यों काट दिया?

00 ज्यादा चेहरे नहीं बदले हैं, कुछ को विधानसभा में भेजा, कुछ को लोकसभा का चुनाव लड़ा रहे हैं। ये परिवर्तन भाजपा और राजनीतिक दल में चलता है। एक बार तो सभी सांसदों को बदल दिया गया था, इस बार वैसा निर्णय नहीं लिया गया है।

0 कांग्रेस ने भूपेश बघेल सहित कई दिग्गजों को मैदान पर उतारा है, इससे कितना डरते हैं?

00 इनके जितने खिलाड़ी मैदान पर उतरे हैं, क्रिकेट में भी 11 खिलाड़ी होते हैं, यहां भी 11 खिलाड़ी मैदान पर हैं, कांग्रेस के कई खिलाड़ी विधानसभा में तो ये पहले ही बोल्ड हो चुके हैं। विधानसभा में हारने के बाद लोकसभा में लड़ रहे हैं, यहां क्या स्थिति बनेगी यह सोचने की बात है। जब मोतीलाल वोरा दुर्ग से राजनांदगांव आकर नहीं जीते तो भूपेश बघेल क्या कर लेंगे। भारी अंतर से भूपेश बघेल राजनांदगांव सीट हार रहे हैं, उसमें शंका नहीं है।

0 भूपेश बघेल के राजनांदगांव जाने का क्या कारण लगता है?

00 मुझे लगता है कि यह सोच रही होगी कि कांग्रेस की पांच विधायक हैं भाजपा के सिर्फ तीन विधायक हैं, मुझे अच्छा ग्राउंड मिलेगा यही सोचकर राजनांदगांव गए होंगे। वो ये भूल जाते हैं कि जब सारे विधायक कांग्रेस के थे, तब भी कांग्रेस को हार मिली थी। भूपेश बघेल ने ऐसा उत्थान किया है कि पूरी पार्टी को ही डुबा दिया है। पांच साल में भ्रष्टाचार करने के अलावा कुछ नहीं किया गया है।

### पीएम मोदी बोले-...

पिछले 20 सालों से वे जनता को बरगला रहे हैं। अयोध्या में राम मंदिर के मामले को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेसी उन पर तंज करते थे, मंदिर वहीं बनाएंगे तारीख नहीं बताएंगे, ऐसा नारा था, लेकिन जनता ने जब भाजपा की सरकार बनाई तो सभी वायदे पूरे किए गए। अयोध्या में राम मंदिर बना और प्राण प्रतिष्ठा भी हुई। उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों ने प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण ठुकरा दिया। ऐसा करके उन्होंने राम का अपमान किया है। छत्तीसगढ़ राम का ननिहाल है, माता शबरी की पावन भूमि है, इसलिए कांग्रेसियों ने छत्तीसगढ़वासियों और माता शबरी का भी अपमान किया है। इसी प्रकार केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तो जम्मू कश्मीर में बाबा साहब का संविधान पूरी तरह से लागू किया गया है, जबकि गोवा में संविधान खतरे में है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा जो कहती है उसे करती भी है। छत्तीसगढ़ में पिछले 5 सालों से भ्रष्टाचार और घोटालों की सरकार छत्तीसगढ़ में थी। उन्होंने बेरोजगारों को छला, पीएससी में घोटाले किए और जनता के आशीर्वाद से मोदी की गारंटी पर जब भाजपा की सरकार बनी। नए आदिवासी मुख्यमंत्री बने तो हर वायदे पूरे किए जा रहे हैं। यहां के किसानों का धान सर्वाधिक मूल्य पर खरीदा गया। अंतर की राशि भी दी गई ,2 साल का बकाया बोनस भी दिया गया। महतारी वंदन की राशि भी महिलाओं को मिल रही है। यह सारी योजनाएं 5 साल तक चलेंगी। केंद्र सरकार भी किसानों को सम्मान निधि दे रही है, केंद्र सरकार ने गरीब के बच्चों को पढ़ने का अवसर दिया है। उन्हें भी इंजीनियर डॉक्टर बनने उनकी अपनी भाषा में पढ़ाई की व्यवस्था की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पास ना तो देश के लिए कोई विजन है और ना ही काम करने की नीयत। मोदी गरीब का बेटा है। उसने गरीबी को जिया है। इसलिए गरीबों के दुख दर्द को समझ कर उनके हित में काम करने की योजना उनकी सरकार बना रही है। श्री मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन को दिया गया वोट केंद्र में सरकार नहीं बनाएगा जबकि भाजपा को दिया गया वोट विकसित भारत बनाएगा। उन्होंने जांजगीर और रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी को जीतकर दिल्ली भेजने की बात कही। सभा को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सांसद गुहाराम अजगले, विधायक अनुज शर्मा, खुशवंत साहेब, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व सांसद कमला देवी पाटले आदि ने भी संबोधित किया। **रामनामियों को अपने पास बुलाकर बिठाया–** मोदी की सभा में रामनामी संप्रदाय के लोग भी पहुंचे थे। मंच पर रामनामी महेंत्तरराम और उनके साथी द्वितीय पंक्ति में बैठे थे। मंच पर पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की नजर उन पर पड़ी तो उन्होंने न केवल उनका अभिवादन किया, बल्कि उनको सामने बुलाकर अपने आजू-बाजू की कुर्सी पर बिठाया। वे कुछ समय तक उनके साथ चर्चा करते रहे। अपने उद्बोधन में भी प्रधानमंत्री मोदी ने रामनामी समाज की भक्ति का वर्णन किया। **हर काम हो रहा सांय-सांय : सीएम साय–** जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा की केंद्र में जब से मोदी की सरकार बनी है हर वायदे पूरे किए जा रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार के 10 सालों के कार्यकाल और भाजपा सरकार की अभी अल्प कार्यकाल में पूरी की गई मोदी की गारंटी के बारे में बताया। इस दौरान छत्तीसगढ़ में धान की बंपर खरीदी किसानों के खाते में अंतर की राशि एकमुश्त जमा होने, महतारी वंदन की राशि सांय सांय आने की बात कही तो दूसरी ओर कांग्रेस नेताओं द्वारा आंए बांय बोलने को लेकर कटाक्ष भी किया।

### सिर फोड़ने की...

साथ है, भारत की 140 करोड़ जनता का आशीर्वाद और स्नेह ही उनका सुरक्षा कवच है। इस तरह की बातें करने वालों को जनता खुद ही सबक सिखाएगी।

### रूपकुमारी और भोजराज...

मंगलवार को श्यामतराई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी सभा ली। इस सभा में न सिर्फ धमतरी के समर्थक पहुंचे थे, बल्कि कांकेर, बालोद, नगरी, चारामा, गरियाबंद, अभनपुर, राजिम सहित कई क्षेत्र से समर्थक पहुंचे थे। सभा में पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में जहां कांग्रेस का शाही परिवार रहता है। वहां की जनता को ही कांग्रेस पर भरोसा नहीं है, तो छत्तीसगढ़ की जनता उन पर कैसे भरोसा करेगी। छत्तीसगढ़ की जनता ने कभी मुझे निराश नहीं किया है। 10 साल मैंने लोगों के लिए काम किया। छत्तीसगढ़ में 5 मेडिकल कॉलेज, हर घर बिजली, सस्ते दाम वाला सिलेंडर, घर पानी जैसी कई योजनाएं लोगों के लिए चल रही हैं। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले गठबंधन की रैली झारखंड में हुई, जहां पर आपस में सिर फुटव्वल हुआ। वे आपस में ही लड़ रहे हैं। कांग्रेस जब भी सत्ता में रही हिंसा, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती रही। उन्होंने कहा कि जब नीयत सही होती है तो नतीजे भी सही होते हैं। मोदी की गारंटी है कि छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद जड़ से खत्म होगा। उन्होंने लोगों से भाजपा प्रत्याशियों को वोट देकर भारी मतों से जिताने की अपील की। **पूरे 100 पैसे लोगों तक पहुंच रहे–** कांग्रेस पर सीधा हमला करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के बड़े नेता खुद ही कहते थे कि किसी योजना के लिए दिल्ली से यदि 1 रुपया निकलता था, तो उसमें 15 पैसा ही लोगों को मिलता था। 85 पैसा बिचौलिए खा जाते थे। अब दिल्ली से 1 रुपए निकलता है तो पूरा 100 पैसा हितग्राही को मिलता है, यह मोदी की गारंटी है। भाजपा कार्यकाल में 34 लाख करोड़ से ज्यादा राशि सीधे जनता के खाते में गई है। यदि यही योजनाएं कांग्रेस के शासन में चलती तो 29 लाख करोड़ तो कांग्रेस सरकार के बिचौलिए ही खा जाते। मोदी ने आपके पैसे बचाए हैं। **हमने समझा आपका दर्द–** पीएम मोदी ने कहा कि घर में कोई बीमार हो जाता था तो पूरा घर तहस-नहस हो जाता था। घर के बुजुर्ग और महिलाएं तो अपनी बीमारी इस कारण नहीं बताते थे कि इलाज में उनके बच्चे कर्ज में डूब जाएंगे। बच्चों की पढ़ाई रुक जाएगी। सोने का चम्मच लेकर पैदा होने वाले इस दर्द को क्या समझेंगे। हमने आपका दर्द समझा। हर व्यक्ति को इलाज के लिए 5 लाख रुपए बीमा की सुविधा दी। अब बुजुर्गों के लिए इलाज की चिंता किसी को नहीं है। इलाज स्वास्थ्य बीमा कार्ड से हो जाता है। देश में कई ऐसे छोटे किसान है, जिनके पास दो हेक्टेयर तक जमीन नहीं है। ऐसे किसानों को पीएम सम्मान निधि दी जा रही है।

### भूपेश जैसे दागदार...

घोटाला, महादेव सट्टा एप घोटाला और डीएमएफ घोटाला करने वाले भूपेश बघेल को राजनांदगांव से प्रत्याशी बनाकर यहां एक प्रकार से हथियार डालने का कार्य किया है। श्री साय ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की जनता का हक़ छीनने का कार्य किया है। छत्तीसगढ़ की जनता को धोखा देने का कार्य किया है।

### रामदेव बोले-67 अखबारों...

के बराबर था। पीठ ने कहा कि अखबारों में प्रकाशित सार्वजनिक माफी रिकॉर्ड पर नहीं है और यह दो दिन के भीतर दाखिल की जाए। इसने मामले में अगली सुनवाई के लिए 30 अप्रैल की तारीख निर्धारित की। अपनी सुनवाई का दायरा बढ़ाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एफएमसीजी कंपनियों के भ्रामक विज्ञापनों पर कड़ा रुख अपनाया और तीन केंद्रीय मंत्रालयों से जनता के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले इस तरह के चलन को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी मांगी। पतंजलि मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि औषधि एवं जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के कार्यान्वयन और संबंधित नियमों की भी बारीकी से पड़ताल की जरूरत है। इसने कहा कि यह मुद्दा केवल पतंजलि तक ही सीमित नहीं है, बल्कि दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) सभी कंपनियों तक फैला हुआ है, जो भ्रामक विज्ञापन जारी कर रही हैं और जनता को धोखा दे रही हैं तथा खासकर शिशुओं, स्कूल जाने वाले बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही हैं जो उक्त गलत बयानी के आधार पर उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### आज थमेगा दूसरे चरण का...

जैसे अन्य सुरक्षाबल के जवान तैनात किए गए हैं। जिन क्षेत्रों में मतदान होना है, उनमें कांकेर के नक्सल प्रभावित क्षेत्र अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर और केशकाल विधानसभा क्षेत्र भी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के तीन लोकसभा क्षेत्र में दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को है। यहां पर राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव प्रचार जोरों से किया जा रहा है। यहां पर 24 अप्रैल की शाम को प्रचार थम जाएगा। दूसरे चरण के लिए 10 जिलों के 6567 मतदान केंद्रों में मतदान होगा। इनमें से 112 मतदान केंद्र संवेदनशील हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा सेक्टर ऑफिसर एवं ईवीएम वीवीपैट के परिवहन के लिए 11644 वाहनों में जीपीएस की स्थापना किया जाना है। इनमें से 2779 वाहनों में से 1991 में जीपीएस का डिवाइस स्थापित किया जा चुका है।

### 13 राज्यों की 89 सीटों पर ...

हसन, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मांड्या, मैसूर, चामराजनगर, बेंगलुरु ग्रामीण, बेंगलुरु उत्तर, बेंगलुरु सेंट्रल, बेंगलुरु दक्षिण, चिकबल्लापुर, कोलार शामिल हैं। केरल की 20 लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण में मतदान होना है। इन सीटों में कासरगोड, कन्नूर, वटकारा, वायनाड, कोझिकोड, मलप्पुरम, पोन्नानी, पलक्कड़, अलाथुर, त्रिशूर, चलाकुडी, एर्नाकुलम, इडुक्की, कोट्टायम, अलाप्पुझा, मावेलिककारा, पथानामथिट्टा, कोल्लम, अटिंगल, तिरुवनंतपुरम शामिल हैं। मध्य प्रदेश की 7 लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल 2024 को वोटिंग होंगी, जिनमें टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, होशंगाबाद, बैतूल शामिल हैं। महाराष्ट्र की 8 लोकसभा सीटों पर भी दूसरे चरण में ही मतदान होना है, जिनमें बुलढाणा, अकोला, अमरावती (एससी), वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़, परभणी शामिल हैं। मणिपुर की 1 लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल 2024 को वोटिंग होगी, जिसमें बाहरी मणिपुर शामिल हैं। राजस्थान की 13 लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण में वोट डाले जाएंगे, जिनमें टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा, झालावाड़-बारां शामिल हैं। त्रिपुरा की 1 लोकसभा सीट पर भी 26 अप्रैल 2024 को वोटिंग होंगी, जिसमें त्रिपुरा पूर्व शामिल हैं। **यूपी की 8, बंगाल की तीन सीटें–** उत्तर प्रदेश की 8 लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल 2024 को वोट डाले जाएंगे। इस चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ, मथुरा, बुलंदशहर शामिल हैं। पश्चिम बंगाल की 3 लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण में मतदान होगा, जिनमें दार्जिलिंग, रायगंज, बालुरघाट शामिल हैं।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्य हेतू निविदा सूचना**

क्रमांकःनिविदा-क्रमांक सी.ई.सी./बी.एस.पी/24-25/01
दिनांक 16.04.2024 (ओपेन-टेंडर)

कार्यः'' बिलासपुर डिविजन के ईब फ्लाईओवर के नीचे से जाने वाली वेदांता लिमिटेड के भविष्य की आरयूआर लाइन के प्रावधान से संबंधित कार्य के साथ रिटेनिंग वॉल और आर.सी.सी. बॉक्स का निष्पादन से संबंधित विभिन्न कार्य का कार्यान्वयन हेतु ।'' **निविदा मूल्यः रू.19,81,71,369.37/- अमानत राशिः रू.11,40,900.00/- निविदा दस्तावेज की लागत : शून्य, कार्य पूरा होने की अवधिः** 12 (बारह) महीना, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से । **निविदा बंद होने का समय एवं दिनांकः** 08/05/2024 को 15:00 बजे तक । **निविदा खोलने का समय एवं दिनांकः 08/05/2024 को 15:30 बजे ।**

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निमार्ण)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर-पिन 495004 अथवा उपमुख्य इंजीनियर (निर्माण), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर पिन 495004 अथवा मुख्य इंजीनियर (निर्माण- III )/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर पिन 495004 के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है उसे डाउनलोड कर/देख सकते है।

*उप-मुख्य अभियंता/निर्माण/कार्य-II*
**सीपीआर/10/27** *द.पू.म.रेलवे बिलासपुर*
South East Central Railway @secrail



FORM NO. 14
[See Regulation 33(2)]

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**

797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur- 482001

**DEMAND NOTICE CUM DECLARATION OF ASSETS ON AFFIDAVIT**

**NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.**

**OAEX/99/14 24.04.2024**

**INDIAN BANK**
**Versus**
**SHRI SHARAD SHARMA**

To,
**(CD 1) SHRI SHARAD SHARMA.** S/O SHRI CHOTELAL SHARMA PROPRIETOR OF M/S OM SAI RICE MILL FACTORY AT VILLAGE & POST GATAORA, TEHSIL MASTURI, DISTT. BILASPUR (C.G.)
**(CD2) SMT. SUDHEELA DEVI SHARMA** S/O SHRI CHOTELAL SHARMA R/O CHATTERJEE GALI SARAKUNDA. BILASPUR (C.G.)

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer. DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in **OA/269/2013** an amount of **Rs 24,97,989.00 (Rupees Twenty Four Lakh Ninety Seven Thousand Nine Hundred Eighty Nine only)** along with cost and pendentellite and future interest at the rate of 124 % per annum with monthly rest from **19.11.2013** till realization and has become due against you (Jointly and severally).

**2.** You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act,1993 and Rules there under.

**3.** You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.

**4.** You are hereby ordered to appear before the undersigned on **20/05/2024** at 10:30 a.m. for further proceedings.

**5.** In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:

**(a)** Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate / execution proceedings.

**(b)** All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **23/04/2024**

SEAL **Recovery Officer Debts Recovery Tribunal, Jabalpur**



**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
**''मिनी रत्न कम्पनी''**
**(कोल इंण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)**

**सूचना**

इस पत्र के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की प्रस्तावित अंबिका परियोजना हेतु निम्न भू–स्वामियों को नौकरी प्रदान करने की सूचना प्राप्त हुई है। जिसकी सूची इस प्रकार है:–

ग्राम–करतली :–

| Sl. No | Name of land owner and acquired Plot No. & Area (as certified by L&R Deptt, SECL HQ) | Acquired land (in Acres) | ADOL Sl. No. / (No. of employments admissible) | Name of person approved for employment, DOB, education and relation with landowners | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | परदेशी राम पिता बहोरन सिंह<br>ग्राम– करतली<br>Plot No. 508/5, 512/9, 518/2, 508/2<br>Total Land – 1.27 Acres | 1.27 Acre | 62<br>(01 employment) | 01. परमेन्द्र कुमार पिता परदेशी<br>Relation with Land Owner – Son<br>Caste – ST (गोंड)<br>D.O.B. – 24.02.1994<br>Education- 12th<br>Aadhar – 8982 9907 8508 | NIL |
| 02 | केजउ राम पिता दुलार सिंह<br>ग्राम– करतली<br>Plot No. 563/14, 506/20, 508/13, 512/33, 512/35, 511/5ग, 512/22<br>Total Land – 0.87 Acres | 0.87 Acre | 100<br>(01 employment) | 02. राय सिंह पिता केजउ राम<br>Relation with Land Owner – Son<br>Caste – ST (गोंड)<br>D.O.B. – 24.06.1998<br>Education- 12th + DCA<br>Aadhar – 3882 2168 9516 | NIL |

इस पत्र के माध्यम से ग्राम–करतली के उक्त भूमि की समस्त भू–स्वामियों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भू–स्वामियों को एसईसीएल में नौकरी प्रदान करने में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वे अपनी आपत्ति सूचना के प्रकाशन तिथि के 07 (सात) दिनों के भीतर इस कार्यालय को प्रस्तुत करें। समय–सीमा की समाप्ति उपरांत आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा। SECL/24-25/22

महाप्रबंधक, एसईसीएल, कोरबा क्षेत्र

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 |
| बेंगलोर | 8 | 1 | 7 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
379 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई


बाउंड्री मीटर
1153 चौके
666 छक्के

# आईपीएल : एक पारी के दौरान पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2024 के 35वें मुकाबले में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की थी और 32 गेंद में 89 रन बनाए थे। वह एसआरएच के लिए संयुक्त रूप से सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। हेड के 84 रन पॉवरप्ले में आए थे। आईपीएल में पावरप्ले के दौरान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी ये हैं।

■ ट्रेविस हेड ने दिल्ली के खिलाफ खेली थी धमाकेदार पारी



### सुरेश रैना (87 बनाम पंजाब, 2014)



चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व खिलाड़ी सुरेश रैना ने आईपीएल 2014 के दौरान किंग्स इलेवन पंजाब अब पंजाब किंग्स के खिलाफ क्वालीफायर-2 में 25 गेंद में 87 रन की पारी खेली थी। हालांकि, 227 रन का लक्ष्य पीछा करते हुए सीएसके वह मुकाबला 24 रन से हार गई थी। रैना के 87 रन पावरप्ले के दौरान आए थे। उनकी स्ट्राइक रेट 348 की रही थी। यह आईपीएल इतिहास में पावरप्ले के दौरान बनाया गया सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है।

### हेड (84 बनाम डीसी, आईपीएल 2024)

ट्रेविस हेड ने डीसी के खिलाफ 32 गेंद में 89 रन बनाए। उनके बल्ले से 11 चौके और 6 छक्के निकले। उन्होंने अपने सलामी जोड़ीदार अभिषेक शर्मा के साथ पावरप्ले में बिना विकेट खोए 125 रन बना दिए थे। यह एसआरएच के लिए पावरप्ले में बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर भी है। पहले 6 ओवर में हेड ने 26 गेंद में 84 रन बनाए। यह आईपीएल में पावरप्ले के दौरान बनाया गया दूसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है।

### एडम गिलक्रिस्ट (74 बनाम डीसी, आईपीएल 2009)



डेक्कन चार्जर्स हैदराबाद के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट हेड और रैना के अलावा एकमात्र ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने आईपीएल में पावरप्ले के दौरान 70 से ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने दिल्ली की टीम के खिलाफ 2009 में 6 ओवर में 25 गेंद का सामना किया था और 74 रन जड़ दिए थे। मैच में उन्होंने 35 गेंद में 85 रन की पारी खेली थी। टीम ने 154 रन का लक्ष्य 17.4 ओवर में पूरा कर लिया था।

### ईशान किशन (63 बनाम एसआरएच, आईपीएल 2021)



मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज ईशान किशन पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों मे चौथे स्थान पर हैं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने एसआरएच के खिलाफ मुकाबले में 32 गेंद में 84 रन बनाए थे। पहले 6 ओवर में उनके बल्ले से 63 रन निकले थे। उन्होंने सिर्फ 22 गेंद का सामना करते हुए ये रन बनाए थे। इस खिलाड़ी ने 2 छक्के और 10 चौके लगाए थे।

## खबर संक्षेप

### मुंबई सिटी एफसी व एफसी गोवा के बीच सेमीफाइनल आज



**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग ने कहा कि चार मई को होने वाला 2023-24 सत्र का फाइनल खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाली दोनों टीम में से उस टीम के घरेलू मैदान पर खेला जाएगा जो लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम थी। आज 24 अप्रैल को मुंबई सिटी एफसी की टीम गोवा में एफसी गोवा के खिलाफ अपने सेमीफाइनल मैच का पहला चरण खेलेगी। मोहन बागान ने 15 अप्रैल को मुंबई सिटी एफसी को रोमांचक मुकाबले में हराकर लीग शील्ड जीती जबकि एफसी गोवा की टीम तीसरे स्थान पर रही। अब कोलकाता, मुंबई और गोवा आईएसएल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी की दौड़ में हैं। स्थान की पुष्टि होने के बाद मैच के टिकटों की बिक्री शुरू की जाएगी।

### सेविला के खिलाफ हार के बाद मालोर्का की मुश्किलें बढ़ी



**सेविले (स्पेन)।** सेविला के खिलाफ स्पेनिश लीग में सोमवार को 1-2 की हार के बाद मालोर्का की मुश्किलें बढ़ गई हैं और टीम पर निचली लीग में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। लीग तालिका की निचली तीन टीम रेलीगेशन का सामना करेंगी और मालोर्का अभी सेल्टा विगो के साथ संयुक्त रूप से निचली चौथी टीम है। दोनों टीमों के नीचे से तीसरे स्थान पर चल रहे केडिज से छह अंक अधिक हैं जबकि चार दौर खेले जाने बाकी हैं। मालोर्का को रविवार को केडिज का सामना करना है। इस जीत से सेविला की टीम 37 अंक के साथ 12वें स्थान पर पहुंच गई है और उसका एक और साल शीर्ष लीग ला लीगा में खेलना लगभग तय हो गया है। मालोर्का की टीम सेविला के खिलाफ पहले हाफ में हावी रही लेकिन मेजबान टीम ने दूसरे हाफ में यूसेफ एन नेसरी के हेडर से दागे गोल से बढ़त बनाई और 15 मिनट बाद इसाक रोमेरो ने स्कोर 2-0 कर दिया। स्थानापन्न खिलाड़ी एब्डोन प्रेट्स ने मालोर्का के लिए इंजरी टाइम में गोल किया लेकिन यह नाकाफी था।

**आईपीएल :** दोनों ने खेले एक-दूसरे के खिलाफ 4 मैच, दो-दो दोनों ने जीते

# डीसी और जीटी के बीच बराबरी का रहा मुकाबला, आज दोनों में भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 40वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स का सामना गुजरात टाइटंस से आज 24 अप्रैल को अरुण जेटली स्टेडियम में होगा। जीटी ने इस सीजन में 8 में से 4 मैच जीते हैं और फिलहाल अंक तालिका में छठे पायदान पर हैं। इसी तरह 8वें स्थान पर मौजूद डीसी ने 8 में से 3 मैचों में जीत दर्ज की हुई है। इस बीच दोनों टीमों के एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

■ दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से मुकाबला

■ जीटी का प्रदर्शन इस सीजन कुछ खास नहीं रहा

**दोनों टीमों के बीच बराबरी का रहा है मुकाबला**

आईपीएल में दोनों टीमें 4 मैचों में आपस में भिड़ी हैं, जिसमें से 2 मैच जीटी ने जीते हैं और 2 मुकाबलों में डीसी को भी सफलता मिली है। इस सीजन दोनों टीमों के बीच यह दूसरी भिड़ंत है। पहले मुकाबले में डीसी को 6 विकेट से जीत मिली थी। जीटी उस मुकाबले में सिर्फ 89 रन पर ऑलआउट हुई थी। आईपीएल 2023 में दोनों टीमें 2 मैचों में आमने-सामने थी, जिसमें से 1-1 मैच दोनों टीमों ने जीते थे।



### जीटी से इन खिलाड़ियों ने किया है अच्छा प्रदर्शन

जीटी की मौजूदा टीम से डीसी के खिलाफ केन विलियमसन का प्रदर्शन कमाल का रहा है। उन्होंने 13 मैचों में 54.77 की औसत और 127.72 की स्ट्राइक रेट से 493 रन बनाए हैं। डेविड मिलर ने इस टीम के विरुद्ध 34.15 की औसत और 119.67 की स्ट्राइक रेट से 444 रन अपने नाम किए हैं। लेग स्पिनर राशिद खान ने डीसी के खिलाफ 16 मैचों में 17.85 की औसत से 21 विकेट चटकाए हैं।

### डीसी से इन खिलाड़ियों ने किया है उम्दा प्रदर्शन

डीसी की मौजूदा टीम से टीजी के खिलाफ अक्षर पटेल ने 3 मैचों में 126.78 की स्ट्राइक रेट से 71 रन बनाए हैं। कप्तान ऋषभ पंत ने इस टीम के विरुद्ध 2 मैच खेले हैं और 59 की औसत और 147.50 की स्ट्राइक रेट से 59 रन उनके बल्ले से निकले हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद ने जीटी के खिलाफ 4 मैचों में 19 की औसत और 7.12 की इकॉनमी रेट से 6 विकेट चटकाए हैं।

### अरुण जेटली स्टेडियम में दोनों टीमों का प्रदर्शन

डीसी ने अरुण जेटली स्टेडियम पर कुल 78 मुकाबले खेले हैं। 32 मैच में टीम को जीत और 44 मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। 1 मैच टाई रहा है और 1 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। यहां टीम का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 231 रन रहा है। जीटी की टीम ने इस मैदान पर सिर्फ 1 मैच खेला है। उन्हें उस मुकाबले में जीत मिली थी। यहां टीम का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 163 रन रहा है।

## लखनऊ ने चेन्नई को दूसरी बार हराया



**चेन्नई।** मार्कस स्टोयनिस के शतक की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 6 विकेट से हराया। लखनऊ की सीजन में पांचवीं जीत है। टीम पॉइंट्स टेबल में 10 अंक के साथ चौथे स्थान पर आ गई है। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में मंगलवार को लखनऊ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 210 रन बनाए।

लखनऊ ने 211 रन का टारगेट 19.3 ओवर में 4 विकेट पर हासिल कर लिया। मार्कस स्टोयनिस ने 63 बॉल पर नाबाद 124 रन की शतकीय पारी खेली। उन्होंने 13 चौके और 6 छक्के जमाए। निकोलस पूरन ने 15 बॉल पर 34 रन का योगदान दिया। मथिश पथिराना को दो विकेट मिले। चेन्नई से ऋतुराज गायकवाड 60 बॉल पर नाबाद 108 रन की पारी खेली। उनकी पारी में 12 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। शिवम दुबे ने 27 बॉल पर 66 रन बनाए। उन्होंने 3 चौके और 7 छक्के जमाए। मैट हेनरी और मोहसिन खान को एक-एक विकेट मिला।

खास खबर

## भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी बनी श्रीजा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की मिश्रित युगल चैंपियन श्रीजा अकुला मंगलवार को नवीनतम आईटीटीएफ रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंची और मनिका बत्रा को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गईं।
नवीनतम रैंकिंग में श्रीजा को एक स्थान का फायदा हुआ जबकि पिछले कुछ समय से भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका दो स्थान के नुकसान से 39वें पायदान पर खिसक गईं। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ 16 मई तक उस समय की विश्व रैंकिंग के आधार पर पुरुष और महिला एकल में दो एकल खिलाड़ियों की प्रविष्टियों पर फैसला करेगा।

### स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को लॉरेस पुरस्कार



**मैड्रिड।** पिछले साल पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप जीतने वाली स्पेन की टीम को सोमवार को लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में दो और पुरस्कार मिले। स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को 2023 के लिए दुनिया की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया जबकि मिडफील्डर एताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। समारोह का आकर्षण नोवाक जोकोविच रहे जिन्हें साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। अमेरिका की जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया।

**गैरी कास्परोव ने की किशोर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश की सराहना**

# टोरंटो में भारतीय भूचाल, गुकेश की जीत विश्व शतरंज में बड़ा बदलाव : कास्परोव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रूस के महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्परोव ने विश्व चैंपियनशिप के लिए चुनौती पेश करने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बनने के लिए भारत के किशोर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश की सराहना करते हुए कहा कि 'टोरंटो में भारतीय भूचाल' आया और यह जीत विश्व शतरंज में बड़े बदलाव का संकेत है।

सत्रह साल के गुकेश ने 40 साल पहले कास्परोव के बनाए रिकॉर्ड को तोड़ा। रूसी का यह खिलाड़ी जब 22 वर्ष का था तब उन्होंने 1984 में विश्व खिताब के लिए हमवतन अनातोली कारपोव से भिड़ने के लिए क्वालीफाई किया था और वह उस समय के सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे।

### कास्परोव ने लिखा- टोरंटो में भारतीय भूचाल

कास्परोव ने अतीत में रूस के दबदबे का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए 'एक्स' पर लिखा, "बधाई हो! टोरंटो में भारतीय भूचाल शतरंज की दुनिया में बदलाव का संकेत है क्योंकि 17 वर्षीय डी गुकेश सर्वोच्च खिताब के लिए चीन के चैंपियन डिंग लिरेन का सामना करेंगे।

### गुकेश ने 14 में से 9 अंक जुटाए

गुकेश ने विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला करने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के 14वें और अंतिम दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा के साथ आसान ड्रॉ खेला और टूर्नामेंट में संभावित 14 में से नौ अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया।



### कास्परोव ने की थी शतरंज संघ की स्थापना

कास्परोव शतरंज फाउंडेशन ने इस लहर को बढ़ते देखा है और गुकेश की सफलता इसे और ऊपर उठाएगी।" अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के साथ विवाद के बाद कास्परोव ने एक प्रतिद्वंद्वी संगठन पेशेवर शतरंज संघ की स्थापना की थी। वह 1984 से 2005 में नियमित प्रतिस्पर्धी शतरंज से संन्यास लेने तक कुल मिलाकर रिकॉर्ड 255 महीनों के लिए विश्व में नंबर एक खिलाड़ी रहे।

# आशी, स्वप्निल ने थ्रीपी ट्रायल में शीर्ष स्थान किया हासिल, दोहा में ट्रैप निशानेबाज लड़खड़ाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आशी चौकसी और स्वप्निल कुसाले मंगलवार को यहां राइफल/पिस्टल के लिए ओलंपिक चयन ट्रायल के क्वालीफिकेशन में क्रमशः महिलाओं और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहले स्थान पर रहे। आशी ने महिलाओं की थ्रीपी ओएसटी में विश्व स्तरीय 590 का स्कोर बनाया और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्ट कौर समरा (583) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया।



### स्वप्निल ने दूसरों को छोड़ा पीछे

पुरुषों के थ्रीपी वर्ग में कड़ा मुकाबला देखने को मिला जहां स्वप्निल ने पहले 'नीलिंग और प्रोन पोजीशन' में 199 के दो शानदार स्कोर के साथ दूसरों को पीछे छोड़ा। उन्होंने कुल 592 अंक बनाये।

### निशानेबाज दौड़ से बाहर भारत के ट्रैप

इस बीच दोहा में खेली जा रही ओलंपिक क्वालीफाइंग चैंपियनशिप से भारत के ट्रैप निशानेबाज मंगलवार को दौड़ से बाहर हो गए। पुरुषों के ट्रैप में पृथ्वीराज टोंडिमान 119 अंक के साथ 23वें स्थान पर रहे। विवान कपूर 56वें (116 अंक) और जोरावर सिंह संधू निराशाजनक 82वें (114 अंक) स्थान पर रहे। महिलाओं में मनीषा कीर 111 अंकों के साथ 37वें स्थान पर सर्वश्रेष्ठ भारतीय थीं।

# आईपीएल 2024: हार्दिक ने मुंबई इंडियंस के लिए खेले 100 मुकाबले

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का 38वां मुकाबला मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला गया। हालांकि इस मुकाबले में एमआई हार गई। इस मुकाबले में एमआई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। वह एमआई के लिए 100 मुकाबले खेलने वाले 7वें खिलाड़ी बने हैं। हालांकि, उनके लिए यह मैच कुछ खास नहीं रहा। 100वें मैच में इस खिलाड़ी ने 10 रन बनाए और गेंदबाजी में 2 ओवर में 21 रन खर्च कर दिए।



### ये खिलाड़ी हैं सबसे ज्यादा मुकाबले खेलने वाले

मुंबई इंडियंस के लिए पूर्व कप्तान रोहित शर्मा सबसे ज्यादा मुकाबले खेलने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 215 मैच खेले हैं। किरोन पोलार्ड (211) दूसरे स्थान पर हैं। इसी तरह हरभजन सिंह (158), लसिथ मलिंगा (139), अंबाती रायडू (136) और जसप्रीत बुमराह (131) **MI** के लिए 100 से ज्यादा मुकाबले खेलने वाले अन्य खिलाड़ी हैं। सूर्यकुमार यादव ने एमआई के लिए 92 मैच खेले हैं। पूर्व दिग्गज सचिन तेंदुलकर के नाम 91 मुकाबले हैं।




## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

1 कु. नूश्री मानिकपुरी, कुदुदण्ड बिलासपुर 2 महेश कुमार कोसले, हरिपुरम के बाजू दिनदयाल कालोनी मंगला 3 आरती चौहान, रजक मोहल्ला दुर्गा मंदिर मंगला 4 हरिशंकर थीमर, अरविंद नगर बंधवापारा सरकंड़ा 5 संतोषी कोरी जरहाभाठा कस्तूरबा नगर 6 श्रीमति प्रतिभा दिघ्रस्कर, श्रीराम कपड़ा मार्केट के सामने अग्रसेन चौक 7 दुर्गेश कुमार यादव, तारबहार बिलासपुर 8 महेन्द्र कुमार कौशिक, ग्राम-हाफा 9 अनुभव पाण्डेय यदुनंदन नगर तिफरा 10 मनीष कुमार अग्रवाल, 302, गोल्डन ओक अपार्टमेंट ग्रीन गार्डन कालोनी 11 नरेश कुमार धीवर, सीपत 12 अंकित श्रीवास, कस्तूरबा नगर 13 संतोष कौशिक, सत्यम विहार सरकण्डा 14 श्रीमति भावना पोपटानी, जबड़ापारा सरकंड़ा बिलासपुर 15 पकलु राम देवांगन, महर्षि रोड मंगला 16 अनिता गुप्ता, संजय नगर चांटीडीह बिलासपुर 17 वृंदा प्रसाद, देवरी पंथी सीपत 18 यू. मधुसूदन राव, एम.आई.जी. - 1/20, देवरीखुर्द हाउसिंग बोर्ड कालोनी 19 मुकेश कुमार महोबिया, चन्दन आवास - 3/31 राजकिशोर नगर 20 हुन्दराज जेसवानी, सिन्धी कालोनी 21 जागेश्वर सिंह क्षत्री, जांजी 22 अरविंद अग्रवाल, इंदू इमोजिका कालोनी गांधीनगर स्कूलपारा 23 श्री देवनाथ रात्रे, वार्ड नं. - 64, महामाया नगर बिरकोना 24 कामता प्रसाद पटेल, कौड़िया, सीपत 25 काव्या पटेल दाऊबाबा मंदिर तोरवा, **बिलासपुर आउटर** 1 सुरेन्द्र दास वैष्णव, रानीगांव रतनपुर 2 मंजू सोनी, सोनारपारा सुभाष वार्ड, मुंगेली 3 कृष्ण कुमार परिहार पुरान मुंगेली 4 सरिता देवी शुक्ला, परदेशी पारा तखतपुर गनियारी 5 श्रीमति रश्मि थवाईत, संगम नगर, तखतपुर **अंबिकापुर जिला** 1 लीलावती भगत, वार्ड - 3, शिवापारा गांधी नगर फुन्दुल डिहारिह सरगुजा 2 विजय अग्रवाल, पीपल रोड मायापुर 3 पुनिया बाई, नवागढ़ अंबिकापुर 4 अनुप कुमार राजवाड़े, नवागढ़ वार्ड - 41 5 हैदर अली, बलरामपुर **जांजगीर जिला** 1 विवेक कुमार केंवट, बलौदा वार्ड नं. - 14 2 कुशाग्र जैन, चांपा 3 सोहित राम धिरहे, झूलकदम वार्ड नं. - 11, सक्ती 4 गोविंद प्रसाद खंटे, सिंघरा व्हाया माल खरौदा **कोरबा जिला** 1 श्रीमति महेश्वरी यादव, एस.ई. सी.एल.जंगल कालोनी कोरबा 2 गजानंद लाल यादव, बजरंग चौक पुरानी बस्ती बाजार हरदी 3 ओमप्रकाश जुनेजा, पुराना बस स्टेड कोरबा 4 आरती सिंह राजपूत, मिशन रोड पटेल पारा 5 अशोक कुमार श्रीवास, मानसनगर कोहडीया कोरबा 6 हरिशंकर, जंगल साईड बांकी मोंगरा **रायगढ़ जिला** 1 श्री श्याम कुमार वर्मा, ठाकुर दिया वार्ड नं. - 18, खरसिया 2 साजिद अली, वार्ड नं. - 8, चांदमारी रायगढ़ 3 गजलाल दार, बेलाटूला खर्राघाट जिंदल पुल के थोड़े आगे आटा चक्की घर **कोरिया जिला** 1 शिव कुमारी सिंह, इमली चौक पटना कोरिया 2 विष्णु प्रसाद देवांगन, धोबीपारा पटना

सांत्वना पुरस्कार की सूची अगले अंक में देखें




राजधानी दिल्ली के गाजीपुर लैंडफिल साइट यानी कूड़े के पहाड़ में लगी आग पर कई घंटों बाद काबू जरूर पा लिया गया है, लेकिन दिक्कतें खत्म नहीं हुई हैं। दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, लैंडफिल साइट पर रविवार शाम 5 बजकर 22 मिनट पर आग लगी थी। शुरुआत में फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां यहां भेजी गई थीं। बाद में आठ गाड़ियां यहां भेजी गई थीं।

दिल्ली की ब्यूटी पर दाग बन गए कूड़े के तीन पहाड़

# घरों से निकल रहा हर दिन 11,352 टन कचरा

**दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार ने गाजीपुर लैंडफिल साइट पर लगी आग बुझने का दावा किया है। हालांकि, आग की वजह से लैंडफिल साइट के आसपास रहने वालों को कई दिक्कतें हो रहीं हैं। एक स्थानीय ने न्यूज एजेंसी को बताया कि आग लगने की वजह से आने-जाने में दिक्कत हो रही है। सबसे ज्यादा परेशानी सांस लेने में हो रही है। इस बीच सियासत भी खूब हुई। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 2023 तक तीनों लैंडफिल साइट को हटाने का वादा किया था, लेकिन भ्रष्टाचार का खेल खेला गया। उन्होंने कहा कि जब बीजेपी सत्ता में आएगी तो एक साल के भीतर तीनों लैंडफिल साइट को हटा दिया जाएगा।



## दिल्ली में कितनी बड़ी है कूड़े की समस्या?


दिल्ली पॉल्यूशन कंट्रोल कमेटी की 2022-23 की रिपोर्ट के मुताबिक, राजधानी के घरों से हर दिन 11,352 टन कचरा निकलता है। इसमें से 7,352 टन कूड़े को या तो रिसाइकिल कर लिया जाता है या फिर उससे बिजली बना ली जाती है। लेकिन बाकी का बचा 4 हजार टन कूड़ा लैंडफिल साइट में डम्प कर दिया जाता है। यानी, हर दिन जितना कचरा निकलता है, उसका 35 फीसदी लैंडफिल साइट में डाल दिया जाता है।

## दिल्ली में तीन जगह 'कूड़े का पहाड़'

राजधानी दिल्ली में तीन लैंडफिल साइट हैं। ये वो जगह होती है, जहां शहर भर का कूड़ा-कचरा इकट्ठा किया जाता है। दिल्ली के ओखला, गाजीपुर और भलस्वा में लैंडफिल साइट हैं। तीनों साइट में कूड़े का पहाड़ बना हुआ है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, 31 अक्टूबर 2023 तक ओखला साइट पर 36.62 लाख टन कचरा जमा हुआ था। भलस्वा साइट पर 61.25 लाख टन का कूड़ा इकट्ठा था। सबसे ज्यादा 81.33 लाख टन कूड़ा गाजीपुर लैंड साइट पर था। दिल्ली में सबसे बड़ा कूड़े का पहाड़ गाजीपुर लैंडफिल साइट में ही है। जुलाई 2019 में इसकी ऊंचाई 65 मीटर तक पहुंच गई थी। यानी, यहां कूड़े का पहाड़ इतना ऊंचा हो गया था कि वो कुतुब मीनार से बस 8 मीटर छोटा रह गया था।




# भावुक पोस्ट पढ़कर चोर ने लौटा दी मोटरसाइकिल



**सूरत।** चोरी की घटनाएं तो आपने बहुत सी सुनी और देखी होंगी, लेकिन गुजरात के सूरत से चोरी की ऐसी घटना सामने आई है, जिसके बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। दरअसल, एक शख्स ने अपनी बाइक चोरी होने के बाद सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट लिखी. जब ये पोस्ट चोर ने पढ़ी तो उस शख्स को बाइक लौटा दी। बाइक चोरी होने के बाद शख्स ने सोशल मीडिया पर लिखा कि श्रीमान सज्जन चोर, आप मेरी बाइक तो लेकर चले गए हैं, लेकिन बिना चाबी और आरसी बुक के आपको बाइक चलाने में दिक्कत होगी तो बाइक की चाबी और आरसी बुक पार्किंग में जनरेटर के ऊपर कोने में रखी है, जिसे आप ले जाए। आप मेरी चिंता मत करना, मैं साइकिल से भी गुजारा कर लूंगा।

## दो दिन के भीतर लौटा दी बाइक

बाइक मालिक की सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट जब उस चोर तक पहुंची तो चोर 2 दिन के भीतर चोरी हुई बाइक को वापस उसी जगह पार्क करके चला गया। बाइक चोरी करने वाले ईमानदार चोर यह पूरा वाकिया सीसीटीवी में कैद हुआ है। सूरत शहर के मोटा वराछा इलाके में स्थित मिडिल प्वाइंट नामक बिल्डिंग में परेश भाई पटेल वुडन आर्ट के तहत बने सामान का व्यापार करते हैं। परेश भाई पटेल 9 दिसंबर को सुबह ऑफिस पहुंचे और अपनी बाइक बिल्डिंग की पार्किंग में खड़ी कर दी. शाम को जब वह घर जाने के लिए निकले, तो उन्होंने देखा कि उनकी बाइक पार्किंग में नहीं थी। इसके बाद परेश पटेल ने पार्किंग में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले. फुटेज में एक शख्स बाइक चोरी करते हुए देखा गया।

# 20 करोड़ का कुत्ता



बेंगलुरु के रहने वाले सतीश ने हैदराबाद से यह कुत्ता खरीदा है। सतीश इंडियन डॉग ब्रीडर्स एसोसिएशन बैंगलोर के अध्यक्ष हैं। उन्होंने बताया, कुछ समय पहले मैं हैदराबाद के मदीनागुडा में विस्वास पेट क्लिनिक गया था। वहां मुझे बेहद दुर्लभ कोकेशियान शेफर्ड नस्ल का एक कुत्ता देखा. देखते ही मैं मोहित हो गया। यह कुत्ता रशियन नस्ल का है। कुत्ते की कीमत इतनी ज्यादा है कि इसमें आप 10 मकान और 10 रेंज रोवर कारें खरीद सकते हैं। सतीश ने कहा, जब मैंने उसे 20 करोड़ रुपये में खरीदा क्योंकि वह पृथ्वी पर सबसे दुर्लभ नस्लों में से एक था। आज भी उसके बराबर की कोई ब्रीड नहीं।

## ये है खासियत

सतीश ने बताया कि 3 साल का यह कुत्ता मांसाहारी खाने का शौकीन है और रोजाना तीन किलो तक चिकन खा जाता है। बेंगलुरु मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने इसका नाम "कैडबॉम हैदर " रखा है। अबतक यह दुनिया में कई प्रतिष्ठित डॉग शो में शामिल हो चुका है और सर्वश्रेष्ठ कुत्ते की नस्ल के लिए 32 पदक जीते है। इसने कई फिल्मों में अभिनय भी किया है। दुनियाभर से प्रमुख कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए निमंत्रण भी मिल रहे हैं। सतीश को पहले से ही महंगे कुत्ते पालने का शौक रहा है। 2016 में सतीश भारत के पहले व्यक्ति बन थे, जिनके पास दो कोरियाई मास्टिफ थे। उनमें से हर एक की कीमत 1 करोड़ रुपए थे। उन्होंने इन कुत्तों को चीन से मंगाया था। सतीश ने बताया कि हैदर जहां भी जाता है, इसके साथ सेल्फी लेने वालों होड़ मची रहती है।




Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda2wheelersindia.com

तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **AKALTARA:** Bhagwati Honda - 9827527016, 9425229083; **AMBIKAPUR:** Mahamaya Honda - 7489027000, 7489026000, 7489025000; Jaswani Honda - 8358065000, 8358063000; **BAIKUNTHPUR:** Pramila Honda - 7000405012, 9754679867; **BALRAMPUR:** Mahishree Honda - 8085554030; **BARADWAR:** Ganpati Honda - 7974875687; **BILASPUR:** Dream Honda - 07752-400957, 07752-409057, 9926802408; Maosaji Honda - 07752-412020, 7024149881; **BILHA:** Sai Honda -9179256022, 9827138322: **KAWARDHA:** Pratha Honda - 7400550099, 7400540099; **DHARAMJAIGARH:** Harsh Honda - 9424180180; DIPKA: Kamal Honda - 9111144667; **JANJGIR CHAMPA:** Gattani Honda - 07817-222396, 7694011206, 7694011208; Shubh Honda (Baloda) - 8574921111; KC Honda (Champa) - 8319235702; **JASHPUR:** Deo Narayan Honda - 9406108464, 9425251702; **KHARSIA:** Balaji Honda - 8269515770; **KORBA:** Vishal Honda - 07759-222509, 9479025937, 7987973739; Krishna Korba Honda - 7747015377, 6232103020, 6232103021; JP Honda (Hardi Bazar) - 9826129114; Ashwini Honda (Urga) - 6232103023; Bharat Honda (GevraBasti) - 09301001739; **KOTA:** Prakash Honda- 9826417995; **KUNKURI:** Mansharam Honda - 8103798783; **LAILUNGA:** Atul Honda - 9424188280; **LORMI:** Mansi Honda - 9685010000; **MANENDRAGARH:** Harsh Honda - 9993883343; **MASTURI:** Rahul Honda - 9098619245, 7898410560; **PALI:** Mahamaya Honda - 8770804342; **PAMGARH:** Gautam Honda - 8962109746; **PANDARIYA:** Shri Balaji Honda - 7399330099; **PATHALGAON:** Dinesh Honda - 9993199987; **PENDRA ROAD:** Dev Honda - 9752998221; **RAHOD:** Shri Balaji Honda - 9977311242; **RAIGARH:** Sharda Honda - 8103664400, 9300473589; Shanti Auto Honda - 9343609280, 9343609281; **RAJPUR:** Maa Mahamaya Honda - 9424259688; **RAMANUJGANJ:** Vikas Honda - 9926158656; **RATANPUR:** Sunil Honda - 9893354893; **SAKTI:** Maa Durga Honda - 9685927215; **SARAIPALI:** Pukhraj Honda - 8889798000; **SARANGARH:** Akshat Honda - 9406353035; **SARSIVA:** Kanisk Honda - 9575533947; **SHEORINARAYAN:** Arav Honda - 8109955535; **SITAPUR:** Akash Honda - 9617378301; **PRATAPUR:** Shri Banbhori Honda - 8120806101; **SURAJPUR:** Shri Om Honda - 9826774095, 9926684331; **TAKHATPUR:** Dream Honda - 9303005917, 8839264059; **TAPKARA:** Jindal Honda - 9406384666; **WADRUFNAGAR:** KP Auto - 9826881578; **BILASPUR SAKRI:** Dream Honda Branch - 9516661444; **BILASPUR DAYALBANDH:** Maosaji Honda Branch - 07752-417070, 417171, 9109690484; **GAURELLA:** Shyam Honda - 7024806222; **AHIWARA:** Kabiram Honda - 8319225193; Shree Sairam Honda (Risali) - 8823050333; **DANTEWADA:** Ansh Honda - 7000396031; **NEHRU NAGAR:** Aan Honda - 8581020999; **MUNGELI:** S. Mansi Honda - 9685010000..

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com